# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022



साइबर अपराधी विकास उर्फ विक्की साहनी व अक्षय यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लाइन सभागार में मीडिया को जानकारी देती एसपी अपराध इन्दु प्रभा। फोटो : एसएनबी

# ससुराल में दामाद की जमकर धुनाई, ससुर व साले पर केस

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटसहरा में बेटी के ससुराल आये पिता और भाइयों ने मिलकर गुरुवार को दामाद शाह आलम की डंडे और सब्बल से जमकर पिटाई की जिससे दामाद बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में कटसहरा निवासी दामाद की तहरीर पर सालो और ससुर पर केस दर्ज किया है। ग्राम पंचायत कटसहरा निवासी शाह आलम पुत्र अब्दुल अजीज की शादी वर्ष 2021 में बस्ती जिले के लालगंज थाने के बढोनी गाँव में मो शकील की लड़की खुशबुनिशा से हुआ है। पुलिस के अनुसार शकील अपने लड़को के साथ गुरुवार को अपनी बेटी को विदा कराने आये थे। किसी बात को लेकर ससुर और दामाद से विवाद हो गया । इतने में दामाद के घर रखे डंडे और शब्बल से ही शकील और उसके बेटों ने अपने दामाद को पीट दिया,इससे पहले भी कई बार दोनो पक्षों में विवाद हुआ है। शाहआलम का यह भी आरोप है कि मेरे ससुर मेरी पत्नी को साथ ले गए साथ मे मेरी पत्नी जेवरात और घर पर रखे पैसे भी ले गयी है। इस संबंध प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि शाह आलम की तहरीर पर बस्ती जिले के लालगंज थाने के बढोनी निवासी ससुर मो शकील,उसके लडके रजीउल्लाह, मुस्तफा पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

# अधीक्षक की शिकायत पर सीएचसी से पकड़े गये दलाल

**ककरही (एसएनबी)।** शुक्रवार को सीएचसी गोला के प्रांगण में पुलिस ने अवांछित तत्वों के खिलाफ कार्यवाई के दौरान दो दलालों को पकड़कर पुलिस को सौंप दी। सीएचसी गोला के अधीक्षक योगेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस को लिखित शिकायत कर के सूचना दी गयी थी की सीएचसी पर प्रतिदिन कुछ अवांछित तत्वों का जमावड़ा रहता है जो मरीजों को चिक्तिसकिय सुविधा आदि देने के नाम पर परेशान करते हैं। जिनपर प्रशासनिक कार्यवाई आवश्यक है। पुलिस के द्वारा अधीक्षक के लिखित शिकायत को संज्ञान में लेते हुए औचक छापेमारी की गयी। पुलिस को देखते ही अवांछित तत्वों में भगदड़ मच गयी जिसमें से दो दलालों को पुलिस पकड़ कर थाने लेकर आई। **सुविधा दिलाने के नाम पर करते हैं वसूली :** एक दर्जन से अधिक दलाल प्रतिदिन अस्पताल पर रहते हैं व मरीजों को अच्छे डॉक्टर, जांच व दवा दिलाने के नाम पर बाहर ले जाते हैं जहां मरीजों से वसूली करते हैं। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि अस्पताल में तकरीबन एक दर्जन से अधिक दलालों का जमावड़ा रहता है। जो स्थानीय होने के वजह से मानते नहीं है। जिनके उपर हमारे द्वारा शिकायत किया गया था। आगे भी कार्यवाई जारी रहेगी।

# साइबर क्राइम की टीम ने दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। हैदराबाद के आधार पर गोरखपुर के जालसाजों ने करोड़ों रुपए उड़ाकर सबको हैरान कर दिया। शुक्रवार को भूलेख की वेबसाइट से आधार संख्या और अंगूठे का निशान प्राप्त कर खाते से रकम उड़ाने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तारी कर पुलिस ने फर्जीवाड़े का खुलासा किया। जालसाज छह माह में तकरीबन एक करोड़ रुपये खाते से उड़ा चुके थे।

> **भूलेख की वेबसाइट से आधार कार्ड की संख्या और अंगूठे का निशान किया प्राप्त**
>
> **मास्टर माइंड की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी**
>
> **जालसाजों ने अबतक खाते से एक करोड़ की रकम उड़ा चुके**

पुलिस ने उनके पास से 1.23 लाख नकदी, बाइक, सोने-चांदी के जेवरात और छह मोबाइलें बरामद किया है। पुलिस इस फर्जीवाड़े के पीछे के मास्टर माइंड की तलाश में जुटी हुई है।

एसपी क्राइम इन्दु प्रभा ने बताया कि जालसाज ईजी पे एप के माध्यम से इस वारदात को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि महराष्ट्र, पुणे स्थित ईजी पे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर विकास मकवाना ने डाक के जरिए गोरखपुर साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि उनके पार्टनर बैंक यस बैंक, एनएसडीएल पेमेंट बैंक, एयर बैंक के उपभोक्ताओं ने फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकलने की शिकायत की है।

### गोरखपुर के एजेंट ने किया खेल

जांच में पता चला कि गोरखपुर के कुछ एजेंटों ने उपभोक्ताओं का आधार कार्ड संख्या और अंगूठे का निशान डाटा लेकर उनके बैंक अकाउंट से पैसा निकाल कर दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसको गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। अकाउंट खुलवाकर फर्जीवाड़े की रकम को निकालने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शाहपुर के धर्मपुर कालोनी निवासी विकास उर्फ विक्की साहनी और आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी अक्षय यादव के रूप में हुई। उनके पास से 123 लाख नकदी, एक बाइक, सोने-चांदी के जेवरात, छह मोबाइल बरामद किया। उन्हे फर्जीवाड़ा की रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध कराने व एटीएम से रकम निकालने पर कमीशन के तौर पर 5 प्रतिशन धनराशि प्रदान की जाती थी। विकास का रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैवेल एजेंसी है।

### कंपनी के एजेंट है फर्जीवाड़ा के मास्टर माइंड

साइबर क्राइम की जांच में मालूम चला कि ईजी पे कंपनी पेमेंट गेटवे की सुविधा पूरे देश में देती है. गोरखपुर में इसके करीब नौ हजार एजेंट हैं, जो आधार से पैसा निकालना, मनी ट्रांसफर का काम करते हैं इन्ही में से कुछ एजेंट द्वारा ईजी पे कंपनी के ऐप का गलत इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा का अंजाम दिया। इनके द्वारा हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश के आसपास के ग्राहकों का आधार कार्ड संख्या और फिंगर प्रिंट के माध्यम से खाते से रकम उड़ाई जा रही थी।

# बालू ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

कैंपियरगंज। कैंपियरगंज इलाके के राप्ती नदी के ताल महुलानी में बालू ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित राजू यादव निवासी गेरुई बुजुर्ग का रहने वाला है। नदी से बालू निकालने के ठेकेदार अमित राय ने आरोपित पर कैंपियरगंज थाने में तहरीर देकर बताया था कि 90000 नगद प्रतिमाह रंगदारी की मांग कर रहे हैं जिसके तहत कैंपियरगंज  पुलिस ने धारा 386, 504, 506 के तहत अभियोग दर्ज किया था। पूर्व में भी आरोपित के विरुद्ध चिलुआताल कैंपियरगंज  थाने 24 मुकदमें दर्ज हैं।

# गोरखपुर के तत्कालीन डीएम पर ₹ पांच लाख हर्जाना

**प्रयागराज (एसएनबी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोर्ट की डिक्री के विपरीत कानून हाथ में लेकर सिविल व आपराधिक केस में याची को फंसाकर परेशान करने वाले तत्कालीन जिलाधिकारी गोरखपुर पर पांच लाख रुपए हर्जाना लगाया है और जिलाधिकारी द्वारा याची के खिलाफ की गई कार्यवाही को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने गोरखपुर के डीएम द्वारा 11 अप्रैल 2019 को पारित आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिलाधिकारी ने नियम कानून का सम्मान नहीं किया। याची की वैध जमीन हथियाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को जिलाधिकारी के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने गोरखपुर पार्क रोड स्थित बंगला नं 5 के मालिक कैलाश जायसवाल की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

विवादित संपत्ति 24/25 सितंबर 1999 को जिलाधिकारी ने याची के नाम फ्रीहोल्ड की और उसके पक्ष में बैनामा कर दिया। बंगला ट्रेड टैक्स विभाग ने किराये पर लिया था। किराया जमा न करने पर याची ने

- **कोर्ट ने डीएम द्वारा 11 अप्रैल 2019 को पारित आदेश को किया रद्द**
- **प्रमुख सचिव गृह को कार्रवाई करने का दिया निर्देश**

बकाया वसूली वाद दायर किया। 29 मार्च 2006 को सिविल वाद मंजूर हो गया और बंगला खाली करने का आदेश हुआ। निष्पादन अदालत में कहा गया कि बंगला एक माह में खाली कर देंगे किंतु खाली नहीं किया तो हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई। कोर्ट ने जिलाधिकारी व एसएसपी को एक माह में पुलिस बल से बंगला खाली कराने का निर्देश दिया। इसके बाद याची को कब्जा मिला। 30 नवंबर 2010 को टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन ने आपत्ति दाखिल की जो खारिज हो गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक खारिज होता रहा। इसके बाद याची ने नक्शा पास कराकर निर्माण शुरू किया। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने हस्तक्षेप किया तो हाईकोर्ट ने रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश रद कर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने फ्रीहोल्ड डीड निरस्त करने का केस दायर किया। साथ ही गुंडा एक्ट के तहत आपराधिक केस दर्ज किया। कोर्ट ने चार्जशीट दायर होने तक याची को राहत दी। चार्जशीट दाखिल होने को भी चुनौती दी गई। याची को कोर्ट ने राहत दे दी।10 अप्रैल 2019 को एक दर्जन पुलिस व आधे दर्जन सिविल ड्रेस में अधिकारी याची के घर में आये और गालियां दी। इन्काउंटर में जान से मारने की धमकी दी। घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई। जिलाधिकारी ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपनी कार्रवाई को सही ठहराया। राज्य सरकार ने जिलाधिकारी को फ्रीहोल्ड रद करने का केस वापस लेने का आदेश दिया, किन्तु कोई असर नही हुआ।

GORAKHPUR (18 Nov): जिले के चार स्कूल किसी भी परीक्षा में अब केंद्र नहीं बनेंगे. एसटीएफ ने इन स्कूलों को नकल कराने का आरोपित बताया है. गोरखपुर, वाराणसी, जौनपुर व प्रयागराज समेत अन्य शहरों के चिह्नित ऐसे स्कूलों की एसटीएफ ने सूची जारी की है. जिसके बाद शासन के निर्देश पर इन स्कूलों को काली सूची में डाल दिया गया है.

## एसटीएफ ने बनाई स्कूलों की लिस्ट

पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न शहरों के 501 परीक्षा केंद्रों पर राजस्व लेखपाल की परीक्षा हुई थी. जिसमें एसटीएफ द्वारा अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर साल्वर बैठाने के मामले में साल्वरों व अभ्यर्थियों की अलग-अलग जनपदों में कार्रवाई की गई थी. इनमें जो स्कूल शामिल थे उनकी सूची के साथ एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष समेत संबंधित जिलों के डीएम को पत्र के लिखकर नकल के आरोपित स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा था. ताकि भविष्य में यहां किसी भी परीक्षाओं का आयोजन न हो सकें.

## ये स्कूल ब्लैक लिस्ट में किए गए शामिल

- सेंट एंड्रयूज इंटर कालेज शास्त्री चौक, गोरखपुर
- जेपी सनराइज स्कूल ब्लाक ए गोरखनाथ
- मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कालेज, जामिया नगर रसूलपुर
- मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल, नथमलपुर गोरखनाथ

**"एसटीएफ ने जिन स्कूलों की सूची भेजी है उनके नाम यूपी बोर्ड को भेज दिए गए हैं. ताकि बोर्ड परीक्षा में यह केंद्र न बन सके. अन्य परीक्षाओं में भी आगे यह केंद्र न इसे संज्ञान में रखा जाएगा.**

**ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया,**
डीआइओएस गोरखपुर

लगी पाबंदी, इन स्कूलों में अब नहीं होगा कोई एग्जाम

**501** परीक्षा केंद्रों पर राजस्व लेखपाल की परीक्षा हुई थी. जिसमें एसटीएफ द्वारा अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर साल्वर बैठाने के मामले में साल्वरों व अभ्यर्थियों की अलग-अलग जनपदों में कार्रवाई की गई थी. इनमें जो स्कूल शामिल थे उनकी सूची के साथ एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष समेत संबंधित जिलों के डीएम को पत्र के लिखकर नकल के आरोपित स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा था.

# हैदराबाद के आधार पर गोरखपुर के जालसाजों ने उड़ाए 1 करोड़ रुपए

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (18 Nov): हैदराबाद के आधार पर गोरखपुर के जालसाजों ने करोड़ों रुपए उड़ाकर सबको हैरान कर दिया. शुक्रवार को भूलेख की वेबसाइट से आधार संख्या और अंगुठे का निशान प्राप्त कर खाते से रकम उड़ाने वाले दो जालसाजों को अरेस्ट कर पुलिस ने फर्जीवाड़े का खुलासा किया है. जालसाज छह माह में तकरीबन एक करोड़ रुपए खाते से उड़ा चुके थे. पुलिस ने उनके पास से 1.23 लाख नकदी, बाइक, सोने-चांदी के जेवरात और छह मोबाइल बरामद किए हैं. पुलिस इस फर्जीवाड़े के पीछे के मास्टर माइंड की तलाश में जुटी हुई है.

## पुणे से दर्ज कराई शिकायत

एसपी क्राइम इन्दु प्रभा ने बताया कि जालसाज ईजी पे एप के माध्यम से इस वारदात को अंजाम दे रहे थे. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र, पुणे स्थित ईजी पे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर विकास मकवाना ने डाक के जरिए गोरखपुर साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई. उनका कहना था कि उनके पार्टनर बैंक यस बैंक, एनएसडीएल पेमेंट बैंक, एक्रायर बैंक के उपभोक्ताओं ने फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकलने की शिकायत की है.

## गोरखपुर के एजेंट ने किया खेल

जांच में मालूम चला कि गोरखपुर के कुछ एजेंट ने उपभोक्ताओं का आधार कार्ड संख्या और अंगुठे का निशान डाटा लेकर उनके बैंक अकाउंट से पैसा निकाल दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया. इसको गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की. अकाउंट खुलवाकर फर्जीवाड़ा की रकम को निकालने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया. उनकी पहचान शाहपुर के धर्मपुर कालोनी निवासी विकास उर्फ विक्की साहनी और आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी अक्षय यादव के रूप में हुई. उन्हें फर्जीवाड़ा की रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध कराने व एटीएम से रकम निकालने पर कमीशन के तौर पर 5 प्रतिशन धनराशि प्रदान की जाती थी. विकास की रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैवेल एजेंसी है.




पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

## कंपनी के एजेंट है फर्जीवाड़ा के मास्टर माइंड

साइबर क्राइम की जांच में मालूम चला कि ईजी पे कंपनी पेमेंट गेटवे की सुविधा पूरे देश में देती है. गोरखपुर में इसके करीब नौ हजार एजेंट हैं, जो आधार से पैसा निकालना, मनी ट्रांसफर का काम करते हैं. इन्ही में से कुछ एजेंट द्वारा ईजी पे कंपनी के एप का गलत इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा का अंजाम दिया. इनके द्वारा हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश के आसपास के ग्राहकों का आधार कार्ड संख्या और फिंगर प्रिंट के माध्यम से खाते से रकम उड़ाई जा रही थी.

# चौराहों पर किया गया अवेयर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 Nov):** शहर में चल रहे यातायात माह के अंतर्गत शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा के वार्डनों ने शहर के विभिन्न चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान चलाकर शहरवासियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया. कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्ट्रेट चौराहे पर चीफ वार्डन डॉ. संजीव गुलाटी, उप नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर डॉ. एमपी सिंह की ओर से संयुक्त रूप से किया गया. इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए चीफ वार्डन डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा कि भारत ही नहीं पूरी दुनिया में सड़क दुर्घटना बहुत तेजी से बढ़ रही है. यह एक गंभीर समस्या के रूप सामने आई है. किसी भी वाहन चालक की ओर से थोड़ी लापरवाही करने में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो सकती या विकलांग हो सकता है.

एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें. चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, नियंत्रित गति से ही गाड़ी चलाने, इंडीकेटर का प्रयोग तथा वाहन चलाते समय किसी प्रकार का नशा न करें. उप नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा के लिए लोगों को स्वयं जागरूक रहना चाहिए. दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समाज को जागरूक करने की जरूरत हैं. शहर के विभिन्न चौराहों गणेश चौक, कलेक्ट्रेट चौक एवं छात्रसंघ चौक पर नागरिक सुरक्षा के वार्डनों के द्वारा यातायात पर आधारित जागरूकता के पर्चे भी वितरित किए गए. ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के से जागरूक किया.

# गोरखपुर के डीएम पर पांच लाख रुपए हर्जाना

**PRAYAGRAJ /GORAKHPUR (18 Nov):** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम गोरखपुर पर 5 लाख का हर्जाना लगाया है. साथ ही डीएम की ओर से की गई कार्रवाई को भी रद्द कर दिया है. डीएम को हर्जाना विधिक सेवा समिति में जमा कराना होगा. कोर्ट ने कहा है कि डीएम गोरखपुर ने नियम कानून का सम्मान नहीं किया. याची की वैध जमीन हथियाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया. पीएस होम को डीएम के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया है.

यह आदेश कोर्ट ने गोरखपुर निवासी कैलाश जायसवाल की याचिका स्वीकार करते हुए दिया है. विवादित संपत्ति 24/25 सितंबर, 1999 को डीएम ने याची के नाम फ्री-होल्ड करते हुए उसके पक्ष में बैनामा किया था. बंगला ट्रेड टैक्स विभाग ने किराए पर लिया. किराया जमा नहीं करने पर याची ने बकाया वसूली वाद दायर किया. सिविल वाद 29 मार्च, 2006 को मंजूर हो गया और बंगला खाली करने का आदेश हुआ. निष्पादन अदालत में कहा गया कि 1 माह में खाली कर देंगे, किंतु ऐसा नहीं किया तो हाईकोर्ट में याचिका लगी. कोर्ट ने डीएम व एसएसपी को एक माह में पुलिस बल से बंगला खाली कराने का निर्देश दिया तब याची को कब्जा मिला. 30 नवंबर, 2010 को टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन ने आपत्ति दाखिल की, जो खारिज हो गई. मामला सुप्रीम कोर्ट तक खारिज हुआ. याची ने नक्शा पास कराकर निर्माण शुरू कराया तो सिटी मजिस्ट्रेट ने हस्तक्षेप किया. इस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश रद कर दिया. डीएम ने फ्री-होल्ड डीड निरस्त करने का केस दायर किया. साथ ही गुंडा एक्ट के तहत आपराधिक केस दर्ज कराया. कोर्ट ने चार्जशीट दायर होने तक याची को राहत दी. चार्जशीट दाखिल होने को भी चुनौती दी गई. याची को कोर्ट ने राहत दे दी. डीएम ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपनी कार्रवाई सही बताई. राज्य सरकार ने डीएम को फ्री-होल्ड रद करने का केस वापस लेने का आदेश दिया पर कोई असर नहीं हुआ.

# नाबालिग से छेड़खानी, दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। नाबालिग से छेड़छाड़ कर फरार चल रहे दो आरोपी युवकों को तिवारीपुर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी जीतू निषाद और विजय निषाद बहरामपुर चौराहे के रहने वाले हैं।

### वेबसाइट से डाटा चुराकर जालसाजी करने वाले दो गिरफ्तार

# अंगूठे का निशान लेकर खाते से उड़ाए एक करोड़

**शिकंजा**

- मूलेख वेबसाइट से आधार संख्या व अंगूठे का निशान प्राप्त किया
- साइबर क्राइम की टीम ने फर्जीवाड़ा गिरोह का किया खुलासा

गोरखपुर, निज संवाददाता। भूलेख की वेबसाइट से आधार संख्या और अंगूठे का निशान प्राप्त कर खाते से रकम उड़ाने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तारों कर पुलिस ने फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। जालसाज ने छह माह में तकरीबन एक करोड़ रुपये खाते से उड़ा चुके थे। पुलिस ने उनके पास से 1.23 लाख नकदी, बाइक, सोने-चांदी के जेवरात और छह मोबाइल बरामद किया है।

फर्जीवाड़ा गिरोह का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम इन्दु प्रभा ने बताया कि जालसाज ईजी पे एप के माध्यम से इस वारदात को अंजाम दे रहे थे। महराष्ट्र, पुणे स्थित ईजी पे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर विकास मकवाना ने डाक के जरिये गोरखपुर साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि उनके पार्टनर बैंक यस बैंक, एनएसडीएल पेमेंट बैंक, एक्वायर बैंक के उपभोक्ताओं ने फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकलने की शिकायत की है। जांच में मालूम हुआ कि गोरखपुर के कुछ एजेंट ने उपभोक्ताओं का आधार कार्ड संख्या और अंगूठे का निशान डाटा लेकर उनके बैंक अकाउंट से पैसा निकाल दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया।

साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। अकाउंट खुलवाकर फर्जीवाड़ा की रकम को निकालने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शाहपुर क्षेत्र के धर्मपुर कॉलोनी निवासी विकास उर्फ विक्की साहनी और आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी अक्षय यादव के रूप में हुई। उन्हें फर्जीवाड़ा की रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध कराने व एटीएम से रकम निकालने पर कमीशन के तौर पर 5 प्रतिशन धनराशि प्रदान की जाती थी। विकास का रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैवेल एजेंसी है।



आधार कार्ड संख्या व फिंगर प्रिंट की मदद से खाते से रकम उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करती एसपी क्राइम इंदु प्रभा। ● हिन्दुस्तान

## कंपनी के एजेंट हैं फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड

साइबर क्राइम की जांच में पता चला कि ईजी पे कंपनी पेमेंट गेटवे की सुविधा पूरे देश में देती है। गोरखपुर में इसके करीब नौ हजार एजेंट हैं, जो आधार से पैसा निकालना, मनी ट्रांसफर करते हैं। इन्ही में कुछ एजेंट ने उक्त एप का गलत इस्तेमाल कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया। इनके द्वारा हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश के आसपास के ग्राहकों का आधार कार्ड संख्या और फिंगर प्रिंट के माध्यम से खाते से रकम उड़ाई जा रही थी।

## फर्जीवाड़ा को ऐसे देते थे अंजाम

कंपनी से जुड़े एजेंट हैदराबाद और उसके आसपास के ग्राहकों का रजिस्ट्री पेपर भूलेख की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसमें अंकित आधार कार्ड संख्या तथा अंगूठे के निशान को लिटमस पेपर पर प्रिंट करके उसकी नकल कर लेते। आधार कार्ड संख्या और फिंगर प्रिंट की मदद से अनाधिकृत रूप से उनके खाते से रुपये निकाल लेते थे। एप की मदद से अधिकतम एक दिन में दस हजार की धनराशि निकाली जा सकती है।

# साइबर ठगों ने बीएलओ के खाते से उड़ाये 50 हजार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नगर पंचायत मुंडेरा बाजार के बीएलओ अजीत कुमार साइबर ठगी के शिकार हो गए। साइबर ठग ने एनी डेस्क एप डाउनलोड कराने के बाद उनके बैंक खाते से 50 हजार रुपये उड़ा दिए। बैंक पहुंच कर बीएलओ ने खाता तो होल्ड करा दिया, लेकिन साइबर क्राइम का हेल्पलाइन नंबर 1930 कुछ काम नहीं आया। शुक्रवार को अजीत कुमार के पास जिला निर्वाचन कार्यालय के नाम से फोन किया। मतदाता सूची के संबंध में जानकारी मांगी। साथ ही पूछा कि आपका नाम मतदाता सूची में चढ़ा या नहीं। बीएलओ के जानकारी नहीं होने की बात कहने पर उनसे एनी डेस्क डाउनलोड कराया। इसके बाद मोबाइल अपने कंट्रोल में ले लिया। इसके बाद 10-10 हजार रुपये तीन बार में और फिर 20 हजार रुपये निकाल लिये।

# वाच टॉवर व पुलिस क्लॉक रूम के लिए निकला टेंडर

## गोरखनाथ मंदिर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ मंदिर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास परिसर में वॉच टावर और पुलिस क्लाक रूम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को टेंडर जारी कर दिया है। 50 लाख रुपये से क्लाक रूम और 1.95 करोड़ रुपये से वाच टावर बनाया जाना है।

एडीजी अखिल कुमार के आदेश और उनकी निगरानी में पूर्व एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने प्लान तैयार किया था। नए प्लान को अनुमोदन के लिए शासन में भेजा गया था। वहां से मंजूरी आने के बाद लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी किया है। एडीजी के नए प्लान के तहत यहां पर पद सृजित कर पुलिस वालों की स्थायी तैनाती की जाएगी। उनके रहने, भोजन की व्यवस्था परिसर के आसपास ही की जाएगी। बैरक और मेस बनाया जाएगा ताकि पुलिस वाले आसानी से ड्यूटी कर सके और किसी भी आपात स्थिति में वह तत्काल पहुंचकर चुनौती से निपट सके।



### टास्क फोर्स के भवन को तीसरी बार टेंडर

गोरखपुर में प्रस्तावित टास्क फोर्स यूनिट के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को तीसरी बार टेंडर निकालना पड़ा। इसके पहले दो बार टेंडर निकल चुका है लेकिन किसी एजेंसी ने रुचि नहीं दिखाई।

# कानून के दुरुपयोग पर डीएम गोरखपुर पर 5 लाख हर्जाना

**फैसला**

- अदालत की डिक्री के विपरीत कानून हाथ में लेकर याची को फंसाकर परेशान करने का मामला

प्रयागराज, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट ने कोर्ट की डिक्री के विपरीत कानून हाथ में लेकर सिविल व आपराधिक केस में याची को फंसाकर परेशान करने वाले डीएम गोरखपुर पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया है। साथ ही याची के खिलाफ की गई डीएम की कार्यवाही रद्द कर दी है।

**विभागीय कार्रवाई का निर्देश :** यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार एवं न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने गोरखपुर में पार्क रोड स्थित बंगला नंबर पांच के मालिक कैलाश जायसवाल की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि डीएम गोरखपुर नेकानून का सम्मान नहीं किया। याची की वैध जमीन हथियाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को डीएम के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

› हत्या की धमकी P 06

# रोडवेज कंडक्टर व यातायात निरीक्षक गिनेंगे गड्ढे, देंगे रिपोर्ट

- पीडब्ल्यूडी के काम की निगरानी का जिम्मा परिवहन निगम को
- गोरखपुर रीजन के यातायात निरीक्षकों ने सौंपी आरएम को रिपोर्ट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रोडवेज के परिचालकों के साथ ही यातायात निरीक्षकों को रूटवार सड़कों के गड्ढों की जानकारी साझा करनी होगी। अब सड़कों के गड्ढे भरने के मामले में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगी। न ही इसमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया जा सकेगा।

शासन ने पीडब्ल्यूडी के काम की निगरानी की जिम्मेदारी रोडवेज कर्मियों को सौंपी है। रोडवेज के परिचालक और यातायात निरीक्षक अब जिस रूट पर बसें चलाएंगे उस मार्ग पर सड़कों के गड्ढों की फोटो भी खींचेंगे। फिर सड़कों के गड्ढों की फोटो रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजेंगे वहां से



खजांची चौराहे से बरगदवा की ओर जाने वाली सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। ● हिन्दुस्तान

रिपोर्ट फोटो मुख्यालय भेजी जाएगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पीडब्ल्यूडी के सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के अभियान की समीक्षा होगी। इस रिपोर्ट से ये पता लगाना आसान होगा कि पीडब्ल्यूडी ने किन रूटों की सड़कों के गड्ढे भरे अथवा नहीं भरे हैं। यही नहीं गड्ढा मुक्ति अभियान के तहत गिट्टी व डामर डालकर ठीक से काम किया गया या कामचलाऊ। इसका भी आसानी से पता लग सकेगा। गोरखपुर रीजन के देवरिया, सोनौली, लखनऊ, बांसी और महराजंगज रूट के यातायात निरीक्षकों ने जांच कर अपनी रिपोर्ट आरएम को सौंप दी है।

> सड़कें गड्ढामुक्त करने की क्रॉस चेकिंग के लिए यातायात निरीक्षकों को लगाया गया है। हालांकि अभी परिचालकों से जांच कराने का कोई आदेश शासन से नहीं आया है। अगर परिचालक भी कोई रिपोर्ट देते हैं तो उसे भी आगे बढ़ाया जाएगा।
>
> –पीके तिवारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम

# याची कैलाश को मिली थी एनकाउंटर की धमकी

- सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी धमकी की घटना
- डीएम पर कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया

प्रयागराज, विधि संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानून के उल्लंघन पर डीएम गोरखपुर पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया है। मामला पार्क रोड स्थित बंगला नंबर पांच के मालिक कैलाश जायसवाल का है।

मामले के तथ्यों के अनुसार विवादित संपत्ति सितंबर 1999 को तत्कालीन डीएम ने याची के नाम फ्रीहोल्ड कर बैनामा कर दिया। यह बंगला ट्रेड टैक्स विभाग ने किराये पर लिया था। किराया जमा न करने पर याची ने बकाया वसूली वाद दाखिल किया। मार्च 2006 को बंगला खाली करने का आदेश हुआ। डिक्री में दीवानी अदालत में कहा गया कि बंगला एक माह में खाली कर देंगे, लेकिन खाली नहीं किया तो हाईकोर्ट में याचिका हुई। कोर्ट ने डीएम व एसएसपी को एक माह में पुलिस बल से बंगला खाली कराने का निर्देश दिया।

उसके बाद याची को कब्जा मिला। उसके बाद नवंबर 2010 को कर अधिवक्ता संघ ने आपत्ति दाखिल की, जो खारिज हो गई। उसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, लेकिन खारिज होता रहा। इसके बाद याची ने नक्शा पास कराकर निर्माण शुरू किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने इस पर हस्तक्षेप किया तो हाईकोर्ट ने रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर दिया। इसके बाद डीएम ने फ्रीहोल्ड डीड निरस्त कर गुंडा एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया। हाईकोर्ट ने चार्जशीट दाखिल होने तक याची को राहत दे दी।

चार्जशीट दाखिल होने को भी चुनौती दी गई। उसमें भी याची को कोर्ट ने राहत दे दी। इसके बाद अप्रैल 2019 को दर्जनभर पुलिसवाले व आधा दर्जन अधिकारी याची के घर आकर गाली गलौज और एनकाउंटर की धमकी भी दी। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। डीएम ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कार्रवाई को सही ठहराया। राज्य सरकार ने डीएम को फ्रीहोल्ड रद्द करने का केस वापस लेने का आदेश दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट ने कहा कि प्राइम लोकेशन की जमीन, याची जिसका वैध मालिक है। उस जमीन को हथियाने के लिए डिक्री के बावजूद डीएम ने याची को परेशान किया। डीएम ने ऐसी कार्यवाही कर खुद को एक्सपोज कर दिया।

हाईकोर्ट ने डीएम को पांच लाख हर्जाना विधिक सेवा समिति में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही उनके खिलाफ जांच कर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश भी दिया है।

# बटुआ चुराने वाली तीन चोरनी पकड़ी गईं

**जसं, भटहट** : गुलरिहा के भटहट कस्बे में शुक्रवार की शाम छह बजे ऑटो में बैठी महिला का बटुआ चुराने वालीं तीन महिलाओं को पुलिस ने पकड़ लिया। महिलाओं के पास से पुलिस ने चोरी का बटुआ और रुपये बरामद कर पूछताछ कर रही है।

पिपराइच थाना के समदार बुजुर्ग निवासी खुशबूनिशा पत्नी स्व. मुमताज महाराजगंज जनपद के श्यामदेउरवां थाना के तरकुलवां तिवारी स्थित रिश्तेदारी से वापस लौट रही थीं। भटहट कस्बे में आटो पहुंचने पर महिला जब किराया देने के लिए कमीज में हाथ डाली तो 15 सौ रुपये समेत बटुआ गायब था। आटो में बैठीं दो महिलाओं और एक किशोरी को देख संदेह हुआ। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं की तलाशी कराई तो बटुआ बरामद हो गया। खुशबूनिशा की तहरीर पर पुलिस ने 12 वर्षीय किशोरी व दो महिला चोरनियों को हिरासत में ले लिया है। चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि तहरीर के बाद तीनों महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।

**नहर के पानी में डूबने से अधेड़ की मृत्यु** : मछलीगांव : कैंपियरगंज के विशुनपुर द्वितीय निवासी 55 वर्षीय पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख रामचंद्र पाठक शुक्रवार की सुबह नहर के समीप शौच को गए थे। पैर फिसलने से वह पानी में डूब गए। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक मृत्यु हो चुकी थी। मृतक की एक लड़की है।

**रंगदारी मांगने का आरोपित गिरफ्तार** : कैंपियरगंज : बालू के ठीकेदार से रंगदारी मांगने के आरोपित गेरुई बुजुर्ग निवासी राजू यादव को पुलिस ने शुक्रवार को मीरचाहे कुटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। ठीकेदार अमित राय ने आरोपित के विरुद्ध कैंपियरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है।

# आधार कार्ड नंबर व फिंगर प्रिंट लेकर एक करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : भूलेख की वेबसाइट से आधार कार्ड नंबर और अंगूठे का निशान (फिंगर प्रिंट) लेकर खाते से रकम उड़ाने वाले दो जालसाजों को साइबर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने छह माह में अलग-अलग खातों से एक करोड़ से अधिक रुपये उड़ाए थे। पुलिस ने उनके पास से एक लाख 23 हजार नकद, बाइक, सोने-चांदी के जेवरात और छह मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस इस फर्जीवाड़े के मास्टर माइंड की तलाश कर रही है।

एसपी क्राइम इंदु प्रभा ने बताया कि जालसाज ईजी-पे एप के माध्यम से वारदात को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे स्थित ईजी-पे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर विकास मकवाना ने डाक के जरिए गोरखपुर साइबर क्राइम में



गिरफ्तार जालसाजों के बारे में जानकारी देतीं एसपी अपराध इंदुप्रभा • जागरण

शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि उनके पार्टनर यस बैंक, एनएसडीएल पेमेंट बैंक, एक्वायर बैंक के उपभोक्ताओं ने फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकलने की शिकायत की है। साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई तो पता चला कि गोरखपुर के कुछ एजेंट उपभोक्ताओं का आधार कार्ड नंबर व अंगूठे का निशान का डाटा लेकर बैंक अकाउंट से पैसा निकाल दूसरे खाते में ट्रांसफर कर रहे हैं।

अकाउंट खुलवाकर फर्जीवाड़े की रकम को निकालने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शाहपुर की धर्मपुर कॉलोनी निवासी विकास उर्फ विक्की साहनी और आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी अक्षय यादव के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि उन्हें फर्जीवाड़े की रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध कराने और एटीएम से रकम निकालने पर कमीशन के तौर पर पांच प्रतिशत धनराशि दी जाती थी। विकास की रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैवेल एजेंसी है।

**कंपनी का एजेंट है फर्जीवाड़ा का मास्टरमाइंड** : एसपी क्राइम ने बताया कि जांच में पता चला कि ईजी-पे कंपनी, पेमेंट गेटवे की सुविधा पूरे देश में देती है। गोरखपुर में इसके करीब नौ हजार एजेंट हैं। जो आधार कार्ड से पैसा निकालने व मनी ट्रांसफर का काम करते हैं। इन्हीं में से कुछ एजेंट ने ईजी-पे कंपनी के एप का गलत इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा किया। इनके द्वारा हैदराबाद (तेलंगाना), आंध्रप्रदेश के जिलों के ग्राहकों का आधार कार्ड नंबर और फिंगर प्रिंट के माध्यम से खाते से रकम उड़ाई जा रही थी। पुलिस फर्जीवाड़े में शामिल चार एजेंटों को चिन्हित कर उनकी तलाश की जा रही है।

**ऐसे करते हैं जालसाजी** : कंपनी से जुड़े एजेंट हैदराबाद और उसके आसपास के ग्राहकों के भूलेख की वेबसाइट से उनका रजिस्ट्री पेपर डाउनलोड कर लेते हैं। उसमें अंकित आधार कार्ड नंबर व अंगूठे के निशान को लिटमस पेपर पर प्रिंट करके उसकी नकल कर लेते हैं। वह आधार कार्ड नंबर और फिंगर प्रिंट की मदद से उनके खाते से रुपये निकाल लेते थे। एप की मदद से अधिकतम एक दिन में दस हजार रुपये निकाले जा सकते हैं।

# प्रेमिका को अगवा करने की कोशिश में पांच पर मुकदमा

**जासं, गोरखपुर/आजमगढ़** : प्रेमिका को धोखा देकर दूसरी युवती से निकाह करने वाले युवक समेत पांच लोगों पर आजमगढ़ जिले के बरदह थाना पुलिस ने अपहरण की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया है। प्रेमिका का आरोप है कि दूसरी युवती से निकाह करने की जानकारी होने पर वह दिल्ली से आजमगढ़ पहुंची तो आरोपितों ने अगवा करने का प्रयास किया। किसी तरह बचकर वह थाने पहुंची। शनिवार को न्यायालय में युवती का बयान होगा।

गोरखपुर जिले की युवती दिल्ली में रहती है। आजमगढ़ के बरदह क्षेत्र अंतर्गत बक्सपुर गांव के मोहम्मद अशरफ से उसका प्रेम संबंध हो गया। दोनों लगभग आठ साल साथ रहे। युवती ने बताया कि आजमगढ़ कोर्ट में उन्होंने शादी कर ली है। आरोप है कि आठ वर्ष में अशरफ दो बार गर्भपात करा चुका है। काम के बहाने अशरफ गांव आया और 12 नवंबर को दूसरी युवती से निकाह कर लिया। इसका पता चलने पर 17 नवंबर को युवती आजमगढ़ पहुंची। आटो रिक्शा से बक्शपुर गांव जाते समय अशरफ और उसके साथियों ने बोलेरो से ठेकमा भगवानपुर गांव के निकट उसे अगवा करने की कोशिश की। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि युवती के अनुसार कोर्ट मैरिज के कागजात अशरफ के पास हैं। उसकी तहरीर पर अशरफ व गांव के पूर्व प्रधान सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गला कसकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप

भीटी रावत : गोरेडीह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गिरिजेश यादव ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके गांव के तीन लोग गला कसकर जान से मारने का प्रयास किए हैं। शोर मचाने पर लोगों के इक्कठा होने पर वह भाग गए। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह से ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

## पुलिस ने कुल्हाड़ी के साथ आरोपित को किया गिरफ्तार

झुमिला बाजार। बड़हलगंज पुलिस ने हत्या का प्रयास और मारपीट करने वाले आरोपित रजौली निवासी श्रीराम को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के पास से मारपीट की घटना में शामिल कुल्हाड़ी को भी बरामद कर लिया गया है।

# जबरन खेत जोत रहे पट्टीदारों ने पीटा, छह पर मुकदमा

**जासं. गोरखपुर :** जबरन खेत जोत रहे पट्टीदारों ने विरोध पर अधेड़ को पीट दिया। बचने के लिए घर में भागे तो अंदर घुसकर राड से हमला कर सिर फोड़ दिया। खजनी थाना पुलिस ने गांव के रहने वाले छह आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

सहजूपार निवासी अवधनरायन द्विवेदी ने खजनी थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 15 नवंबर की सुबह सगे भाई रामनारायण द्विवेदी पुत्र शिवेंद्र, शिवम के साथ मेरे हिस्से की भूमि जोत रहे थे। विरोध पर गांव के शारदा, सर्वेश व योगेश के साथ मिलकर पीट दिया। बचने के लिए वह घर में भागे तो आरोपितों ने अंदर घुसकर पीट दिया। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों पर कार्रवाई होगी।

# ससुराल वालों ने भी दर्ज कराया मुकदमा

सहजनवां : बरईपार में बुधवार की रात में समझौता करने पहुंचे महिला के मायके और ससुराल वालों के साथ हुए विवाद में सास सरोजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने अरुण कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, शम्भू, बंशीधर यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# बच्चों के विवाद में महिला को पीटा, तीन पर मुकदमा

सहजनवां : गोहटा में बच्चों के विवाद को लेकर बुधवार को कुछ लोगों ने महिला पिटाई कर दी। पुलिस ने नीतू गिरी पत्नी प्रेमचंद गिरी की तहरीर पर महात्मा, राम आशीष, प्रमिला के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# हत्या आरोपी ने भाजपा नेता को दी धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष को कचहरी में धमकाया

गोरखपुर। हत्या के आरोपी ने कचहरी में गवाही देने आए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बंधु उपेंद्र नाथ सिंह को घेर लिया। आरोप है कि मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने लगा। नहीं मानने पर जान से मारने की धमकी दी। कैंट थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के वसुंधरा इन्क्लेव में रहने वाले भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बंधु उपेंद्र नाथ सिंह ने कैंट थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 24 नवंबर 2018 को उनके छोटे भाई सत्येंद्र सिंह की मोहद्दीपुर में हत्या कर दी गई थी। इस मुकदमे की पैरवी वह करते हैं।

16 नवंबर को मुकदमे के गवाह राममोहन राय के साथ कोर्ट में आए थे। इस दौरान दो लोगों के साथ पहुंचा तो हत्या का आरोपी उमेश जायसवाल मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने लगा। उसकी बात नहीं मानने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को सूचना देने पर आरोपित फरार हो गया।

# एक करोड़ रुपये उड़ाने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

## भूलेख की वेबसाइट से आधार कार्ड की डिटेल और अंगूठे का निशान लिटमस पेपर प्रिंट पर लेते थे निकाल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** भूलेख की वेबसाइट के जरिए आधार संख्या और अंगूठे का निशान लेकर खाते से रकम उड़ाने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने छह माह में करीब एक करोड़ रुपये खाते से उड़ा चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से एक लाख 23 हजार रुपये, बाइक, सोने-चांदी के जेवरात और छह मोबाइल बरामद किया है। पुलिस अब मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है।

एसपी क्राइम इंदु प्रभा ने खुलासा करते हुए बताया कि जालसाज ईजी-पे एप के जरिए घटना को अंजाम देते थे। मामले में महाराष्ट्र, पुणे स्थित ईजी पे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर विकास मकवाना ने साइबर क्राइम गोरखपुर में केस दर्ज कराया था। इसी के आधार पर जांच शुरू की गई।



साइबर क्राइम के अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

पता चला कि जालसाजों के पार्टनर बैंक यस बैंक, एनएसडीएल पेमेंट बैंक, एक्वायर बैंक के उपभोक्ताओं ने भी फर्जी तरीके से खाते से रुपये निकलने की शिकायत दर्ज कराई है। इसमें जिले के कुछ एजेंट उपभोक्ताओं का आधार कार्ड संख्या और अंगूठे का निशान डाटा लेकर उनके बैंक अकाउंट से रुपये निकालकर दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया। मामले में भी साइबर थाना में केस दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान अकाउंट खुलवाकर फर्जीवाड़ा कर रकम निकालने वाले दो जालसाजों को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान शाहपुर क्षेत्र के धर्मपुर कॉलोनी निवासी विकास उर्फ विक्की साहनी और आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी अक्षय यादव के रूप में हुई।

### फर्जीवाड़ा का मास्टर माइंड है कंपनी का एजेंट

एसपी क्राइम ने बताया कि ईजी-पे कंपनी पेमेंट गेटवे की सुविधा पूरे देश में चलाती है। जिले में करीब नौ हजार एजेंट हैं, जो आधार से पैसा निकालने, मनी ट्रांसफर का काम करते हैं। इन्हीं में से कुछ एजेंट ईजी-पे कंपनी के एप का गलत इस्तेमाल कर फर्जीवाड़े को अंजाम देते थे। ये लोग हैदराबाद, आंध्र प्रदेश के आसपास के ग्राहकों का आधार कार्ड संख्या और फिंगर प्रिंट के माध्यम से खाते से रकम उड़ा रहे थे। मामले में चार एजेंटों को चिह्नित कर पुलिस तलाश में जुट गई है।

### आधार कार्ड और अंगूठे का निशान लेकर करते थे जालसाजी मास्टर माइंड की तलाश

बताया कि फर्जीवाड़ा की रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता उपलब्ध कराने और एटीएम से रकम निकालने पर कमीशन के तौर पर इन लोगों को पांच प्रतिशत धनराशि प्रदान की जाती थी। विकास रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैवेल एजेंसी भी चलाता है।

**इस तरह करते थे जालसाजी**

ईजी-पे एक पेमेंट गेटवे-कंपनी है, जो मनी ट्रांसफर, आधार से रुपये निकालने और ऑनलाइन रिचार्ज का काम करती है। कंपनी के एजेंट भूलेख की वेबसाइट से हैदराबाद और उसके आसपास के ग्राहकों का भूलेख की वेबसाइट से ग्राहकों के रजिस्ट्री पेपर डाउनलोड करते थे। उसमें दर्ज आधार कार्ड और अंगूठे के निशान को लिटमस पेपर पर प्रिंट कर के प्रिंटिंग इन्हैंसर की मदद से फिंगर प्रिंट की नकल कर लेते थे। इसकी मदद से ग्राहक के खाते से अनधिकृत रूप से रुपये निकालकर आधार एनेब्ल्ड पेमेंट सर्विस की मदद से रोज 10 हजार की धनराशि निकालते थे।

इसके बाद उस रुपये को ईजी-पे कंपनी के वॉलेट में ट्रांसफर कर देते थे। कंपनी के वॉलेट से बाद में किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर उस रुपये को एटीएम से निकाल लेते थे।

# गोरखपुर के डीएम पर पांच लाख का जुर्माना

## नियम विरुद्ध कार्य करने पर हाईकोर्ट ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

### कोर्ट ने डीएम की कार्रवाई भी रद्द की, प्रमुख सचिव (गृह) को दिया कार्रवाई करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोर्ट की डिक्री के विपरीत, कानून हाथ में लेकर सिविल तथा आपराधिक केस में याची को फंसाकर परेशान करने वाले जिलाधिकारी गोरखपुर पर पांच लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। साथ ही जिलाधिकारी की ओर से याची के खिलाफ की गई कार्रवाई को रद्द कर दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि जिलाधिकारी गोरखपुर ने नियम, कानून का सम्मान न करते हुए याची की वैध जमीन हथियाने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को जिलाधिकारी के आचरण की जांच कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने गोरखपुर, पार्क रोड स्थित बंगला नंबर पांच के मालिक कैलाश जायसवाल की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

मामले में विवादित संपत्ति 24/25सितंबर 1999 को जिलाधिकारी ने याची के नाम फ्री होल्ड की और उसके पक्ष में बैनामा कर दिया। बंगला ट्रेड टैक्स विभाग ने किराये पर लिया था। किराया जमा न करने पर याची ने बकाया वसूली वाद दायर किया। 29 मार्च 2006 को सिविल वाद मंजूर हो गया और बंगला खाली करने का आदेश हुआ।

अदालत में कहा, एक माह में खाली कर देंगे किंतु खाली नहीं किया तो हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई। कोर्ट ने जिलाधिकारी तथा एसएसपी को एक माह में पुलिस बल से बंगला खाली कराने का निर्देश दिया। इसके बाद याची को कब्जा मिला। 30 नवंबर 2010 को टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन ने आपत्ति दाखिल की, जो खारिज हो गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक खारिज होता रहा। इसके बाद याची ने नक्शा पास कराकर निर्माण शुरू किया।

इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने हस्तक्षेप किया तो हाईकोर्ट ने रोक लगा दी और सिटी मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर दिया। जिलाधिकारी ने फ्री होल्ड डीड निरस्त करने का केस दायर किया। गुंडा एक्ट के तहत केस दर्ज किया। कोर्ट ने चार्जशीट दायर होने तक याची को राहत दी। >>

पुलिस और अफसरों ने धमकाया : पेज 10

# रंगदारी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**कैंपियरगंज।** बालू ठेकेदार से रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को राजू यादव उर्फ राजीव को हाइवे स्थित मीरचाहे कुटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गेरुई बुजुर्ग का रहने वाला है।

शुक्रवार को उसने राप्ती नदी के महुलानी में बालू ठेकेदार से 90 हजार रुपये हर माह रंगदारी मांगा था। पुलिस ने उसके खिलाफ कैंपियरगंज सहित चिलुआताल थाने में कुल 24 से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। यही कारण है कि उसकी हिस्ट्रीशीट भी खोली जा चुकी है। ब्यूरो

# हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास और मारपीट करने वाले आरोपी राम को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह रजौली गांव का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने घटना में शामिल कुल्हाड़ी भी बरामद की है।

उसके खिलाफ कुछ दिन पूर्व मारपीट व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी की है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 19/11/22

# एडीजी ने पुलिस लाइन्स के कार्यालयों का किया निरीक्षण

देवरिया(एसएनबी)। जनपद के तीन दिवसीय दौरे पर आए गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने देवरिया पुलिस के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में पुलिस लाइन के परेड ग्राउड में परेड की सलामी ली। तत्पश्चात पुलिस आवासीय परिसर, प्रशासनिक भवन, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, यूपी 112 परिवहन शाखा, भोजनालय, बैरक, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, जनपद नियंत्रण कक्ष, यूपी 112 कार्यालय/आरओआईपी, पोलनेट केंद्र का निरीक्षण कर उचित दिशा-निर्देश दियां।

**समस्याओं को पूछा एवं उनके निस्तारण हेतु दिया दिशा-निर्देश**

इसके उपरान्त पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में जनपद के समस्त थानों से ,आये पुलिस कार्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया। जिसमें कुल 35 महिला आरक्षी, 86 आरक्षी, 21 मु.आ., 28 उ.नि. ने भाग लिया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने उनकी समस्याओं को पूछा एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित को उचित दिशा-निर्देश दिया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी लाइन्स विनय कुमार यादव, रिजर्व निरीक्षक पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



शस्त्रागार का निरीक्षण करते एडीजी। फोटो : एसएनबी

# ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (एसएनबी)। यादव महासभा के जिलाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में कोईलगढ़हा ग्रामवासियों ने गांव को पुनः रुद्रपुर थाने से संबद्ध करने को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक देवरिया को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिला जीत को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि कोईलगढ़हा गांव को रुद्रपुर थाने से हटाकर जनपद का नया थाना सुरौली पैकौली से संबद्ध कर दिया



गया है। जो हम ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। जिससे हम ग्रामवासियों को अत्याधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और असुविधा हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम कोईलगढ़हा से रुद्रपुर महज पांच किलोमीटर दूर है, जबकि सुरौली पैकौली कोईलगढ़हा से करीब 25 किमी दूर है। सीमांकन में गड़बड़ी की गयी है। भौगोलिक स्थिति का ध्यान नहीं रखा गया है। ग्रामीणों को नवनिर्मित थाने में आने जाने से परेशानी हो रही है, अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उक्त गांव को पुनः रुद्रपुर कोतवाली से संबद्ध करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में संजय यादव, श्यामसुन्दर यादव, अनूप यादव, राजकपूर भारती, शम्भू नाथ यादव, रवि यादव, तारकेश्वर गुप्ता, अमरजीत साहनी, प्रेम चन्द साहनी, संतोष प्रजापति, रवि साहू, डब्लू गुप्ता, नीरज विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, राकेश यादव, गिरजेश यादव, सचिन चौहान, सन्नी गुप्ता, अभिषेक यादव, अमरनाथ यादव, महेन्द्र यादव, रमाकान्त, मुन्ना यादव, राहुल, अजीत गुप्ता, बालकिशुन, आकाश आदि शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 13/11/22

हिन्दुस्तान दि. 19/11/22

# एडीजी ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

देवरिया, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण के दौरान परेड की सलामी ली तथा पुलिस लाइन्स के सभी कार्यालयों का किया गया निरीक्षण किया।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण को बुधवार को जिले में पहुंचे थे। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा की उपस्थिति में पुलिस लाईन के परेड ग्राउड में परेड की सलामी ली।



पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते अपर पुलिस निदेशक ।

पुलिस आवासीय परिसर, प्रशासनिक भवन, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, यूपी-112 परिवहन शाखा, भोजनालय, बैरक, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, जनपद नियंत्रण कक्ष, यूपी-112 कार्यालय/आरओ आईपी, पोलनेट केंद्र का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर कमियां मिलने पर पुलिस अफसरों को दिशा निर्देश दिया।

दैनिक जागरण दि. 19/11/22

# अधिकारियों के साथ एडीजी ने लगाई दौड़



पुलिस लाइन में दौड़ लगाते एडीजी अखिल कुमार, एसपी संकल्प शर्मा व अन्य पुलिसकर्मी • जागरण

- तीसरे दिन परेड की सलामी ली पुलिस लाइन का किया निरीक्षण
- पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से उनकी समस्याएं जाना

जागरण संवाददाता, देवरिया: एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन में परेड के दौरान खुद को रोक नहीं सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ मैदान में दौड़ लगाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को फिटनेस सही रखने के टिप्स दिए।

उन्होंने वार्षिक निरीक्षक के तीसरे दिन शुक्रवार को पुलिस लाइन में एसपी संकल्प शर्मा की मौजूदगी में परेड की सलामी ली। इसके बाद मैदान में दौड़ लगाया। उनके साथ अधिकारी व पुलिसकर्मी भी दौड़े। इसके बाद उन्होंने आवासीय परिसर, प्रशासनिक भवन, क्वार्टर गार्द, शस्त्रगार, परिवहन शाखा, यूपी 112, भोजनालय, बैरक, केंद्रीय पुलिस कैंटीन, जनपद नियंत्रण कक्ष, आरओआइप्री, पोलनेट केंद्र का हाल जाना। इसके बाद प्रेक्षागृह में जनपद के सभी थानों से आए पुलिस कर्मियों से संवाद किया, जिसमें 35 महिला सिपाही, 86 सिपाही, 21 दीवान, 28 उप निरीक्षक शामिल हुए। एडीजी ने समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। जिसका निराकरण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपराध रोकने के लिए सीसी कैमरों का सहयोग लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांवों के प्रमुख चौराहों पर ग्राम पंचायतों के माध्यम से सीसी कैमरे लगवाए जाने चाहिए। इससे अपराधियों पर शिकंजा कसना आसान हो जाएगा। अपराधियों की पहचान में इससे आसानी होगी। एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी लाइन विनय यादव, आरआइ पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर के वार्ड तीन भठवा धरमपुर गांव से कोतवाली पुलिस ने एक वांछित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। भठवा धरमपुर निवासी गिरफ्तार अभियुक्त मनोज को काफी दिनों से पुलिस तलाश कर रही थी। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी हुई है। संवाद

अमर उजाला दि. 13/11/22

# खुद दौड़े एडीजी, एसपी तो सबने लगाई दौड़



पुलिस लाइंस में एडीजी अखिल कुमार के साथ दौड़ लगाते पुलिसकर्मी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

देवरिया। तीन दिवसीय दौरे पर आए अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस में आयोजित परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सुबह खुद ही परेड के दौरान दौड़ लगाई और पुलिसकर्मियों की फिटनेस जांची। इससे पहले रात में एडीजी ने सभी थाना प्रभारियों और अन्य पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

शुक्रवार की भोर से ही पुलिस लाइंस का माहौल हर रोज से कुछ अलग हट कर था। कारण यह कि परेड में एडीजी को आना था। समय से एडीजी पहुंचे और परेड का निरीक्षण किए। वह पुलिसकर्मियों की फिटनेस की जांच के लिए जब खुद दौड़ पड़े तो एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, विनय यादव दौड़ पड़े। एडीजी ने सभी को फिटनेस पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

इसके बाद एडीजी ने पुलिस आवासीय परिसर, प्रशासनिक भवन, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, यूपी112 परिवहन शाखा, भोजनालय, बैरक, केंद्रीय पुलिस कैंटीन का जायजा लिया।

अ० उजाला 19/11/22

# मुख्यमंत्री से मिलकर लापता नीरज के परिजन करेंगे सीबीआई जांच की मांग

## 17 दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी दो थानों की पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज और बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी उसकी प्रेमिका रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं।

नीरज मामले में उसके परिजन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मिलकर सीबीआई जांच कराने की मांग करने की तैयारी में हैं। हालांकि, 17 दिन बाद भी दो थानों की पुलिस और एसओजी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सके हैं।

कोटा में पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहा नीरज छुट्टी में गांव आया हुआ था। परिजनों के अनुसार वह दो नवंबर को प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। जहां से वह गायब हो गया है।



महापंचायत के लिए बैठक करते ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ता। संवाद

## महापंचायत बुलाएगी ब्राह्मण महासभा

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज के रहस्यमय तरीके से गायब होने को लेकर ब्राह्मण महासभा महापंचायत बुलाने की तैयारी में है। इसको लेकर शुक्रवार को देवेंद्र मिश्र और सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद मिश्र की अगुवाई में शुकुलपुरा, भोसिनपुर, विलासपुर, मरकड़ा, भेदवां, अमांव, खुदियां, सुकरौली आदि गांवों में बैठक किया गया। इस दौरान विनय शुक्ल, राजीव शुक्ल, राघवेंद्र मिश्र, सचिन तिवारी, सूर्यप्रताप मिश्र, मानवेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

अ॰ उजाला 19/11/22

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, केस

भलुअनी। स्थानीय शिवधरिया वार्ड निवासी मीरा देवी (28) पत्नी सर्वेश गोंड़ का शव घर में फंदे से लटका मिला। विवाहिता के पिता तरकुलवा थाना क्षेत्र के बंजरिया बाजार निवासी गुलाब गोंड़ की तहरीर पर पति सहित अन्य ससुरालियों पर केस दर्ज किया है।

सर्वेश विदेश रहता है। वह 15 दिन से घर आया है। लोगों के अनुसार पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। मीरा की मौत से तीन वर्षीय बच्ची का रो-रो कर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# आठ गोवंश बरामद

**जासं,हाटा :** कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली बाजार के समीप फोरलेन पर गुरुवार रात को पुलिस ने पिकअप से आठ गोवंश बरामद किया। हालांकि तस्कर फरार हो गए। पुलिस टीम रात करीब साढ़े 10 बजे गश्त पर थी। सुकरौली बाजार के समीप पिकअप देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख चालक कुछ दूर पहले ही पिकअप रोक फरार हो गया। पुलिसकर्मियों ने पिकअप की तलाशी ली तो आठ गोवंश लदे मिले। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप नंबर के आधार पर मालिक व अज्ञात तस्करों के विरुद्ध गोवध तथा पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में दो आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, रगड़गंज:** क्षेत्र के रगड़गंज पुलिया के पास से कप्तानगंज पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार की। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। दोनों को पुलिस कोर्ट ले गई, वहां से जेल भेज दिया गया। उनकी पहचान नौशाद खां व ओवैद खान उर्फ गोलई, निवासी लक्ष्मीपुर, थाना कप्तानगंज के रूप में हुई। एसएचओ अनिल उपाध्याय मातहतों संग गश्त पर थे।

कप्तानगंज-रगड़गंज मार्ग पर रगड़गंज के पास पुलिस का वाहन देख दो युवक सड़क से उतर खेत के रास्ते भागने लगे। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने दोनों को दबोच लिया।

एसएचओ ने बताया कि दोनों हत्या के प्रयास के मुकदमे में नामजद हैं और घटना के समय से ही फरार चल रहे थे। टीम में दारोगा चंद्रभूषण पांडेय, हेड कांस्टेबल प्रेमनाथ, कांस्टेबल महेंद्र कुमार यादव शामिल रहे।

# गायब बालक को ढूंढ निकाला

**पटहेरवा :** पटहेरवा पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में गायब हुए एक नौ वर्षीय बालक को चार घंटे के भीतर ढूंढ स्वजन को सौंप दिया। क्षेत्र के कुचिया मठिया गांव निवासी मुन्ना का नौ वर्षीय पुत्र औरंगजेब दोपहर एक बजे घर से लापता हो गया। शाम पांच बजे पुलिस ने क्षेत्र के ही गांव पड़री राजा से बालक को ढूंढ निकाला। (जासं)

# 58 शीशी देसी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**जासं, तरयासुजान:** क्षेत्र के गोपालपुर चौराहे से 58 शीशी देसी शराब के साथ पुलिस ने दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब को लेकर दो धंधेबाजों के गोपालपुर चौराहे के समीप होने की सूचना पर एसआइ विकास मौर्य, रामकृपाल व अमित यादव पहुंचीं। यहां तरयासुजान के व भगवानपुर के मुन्ना साह, थाना तरयासुजान को क्रमशः 30 व 28 शशी बंटी बबली के साथ गिरफ्तार की।

# 100 लीटर अपमिश्रित शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जासं,पडरौना:** सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के सिंघापट्टी गांव के मुसहर टोली में छापेमारी कर छह गैलन में रखी 100 लीटर अपमिश्रित शराब तथा शराब बनाने का उपकरण बरामद किया है। टीम मौके से दो तस्करों को भी दबोचने में कामयाब रही। बरामद अपमिश्रित शराब की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि सिंघापट्टी गांव के मुसहर बस्ती में अवैध शराब बनाए जाने की खबर मिल रही थी। दोपहर चार बजे टीम ने गांव में पहुंच छापेमारी की। जिसमें छह गैलन में अपमिश्रित शराब, 500 ग्राम नौसादर, दो किलोग्राम यूरिया मिली। मौके से शराब बनाने के उपकरण तथा पांच क्विंटल लहन बरामद हुआ। शराब की मात्रा 100 लीटर पाई गई। टीम ने मौके से दो तस्करों को भी दबोच लिया। दोनों की पहचान गुड्डू मुसहर निवासी मुसहर पट्टी रौजा व जनार्दन मुसहर निवासी मुसहर टोला सिंगापट्टी थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस कोर्ट ले गई, वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। टीम में दारोगा धर्मदेव चौधरी, वेदप्रकाश सिंह, रामचंद, कांस्टेबल राहुल कुमार, दीपक सरोज, देवेश राय, बृजेश गुप्ता, संदीप मौर्य, अमरजीत यादव, देवीदीन चौहान, उमा मौर्य, पूर्णिमा मिश्रा, नीतू गुप्ता शामिल रहे।

# रात्रि गश्त न करने वाले पुलिस कर्मियों की खैर नहीं

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** रात्रि गश्त न करने वाले पुलिस कर्मियों की अब खैर नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने सभी सीओ को रात्रि गश्त की चेकिंग का फरमान सुनाया है। इसकी निगरानी एएसपी को सौंपी गई है। जो भी पुलिस कर्मी अपने कार्य क्षेत्र में रात्रि गश्त करने नहीं मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कप्तान ने सभी क्षेत्राधिकारियों को नियमित रूप से भ्रमण कर रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया है। कहा है कि सीओ देर रात तक क्षेत्र में रह कर रात्रि गश्त का हाल जानेंगे साथ ही लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर इसकी सूचना देंगे। चिन्हित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ठंड में पुलिसकर्मियों द्वारा बरती जाने वाली सुस्ती से चोरी, नकबजनी आदि की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इससे लोगों में असुरक्षा का भाव बनता है।



**मातहतों को जिम्मेदारी सौंप आराम फरमाते हैं थानेदार**

सर्द मौसम में रात्रि गश्त सिर्फ कोरमपूर्ति बनकर रह जाती है। थानेदार मातहत पुलिसकर्मियों को इसकी जिम्मेदारी सौंप खुद आराम फरमाने लगते हैं। थानेदारों के इस रवैये का असर दूसरे पुलिसकर्मियों पर भी पड़ता है और वे इसे लेकर लापरवाह बन जाते हैं। जिसका असर होता है कि अपराधी भयमुक्त होकर लूट, चोरी आदि की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इधर रात्रि गश्त के नाम पर ड्यूटी बजाने वाले चंद सिपाही व होमगार्ड के जवान भी आधी रात के बाद ठंड से बचने के लिए सुरक्षित जगहों पर शरण ले लेते हैं, जिसके बाद शहर, कस्बा व बाजारों की सुरक्षा राम भरोसे होकर रह जाती है। इस रवैये से चोरी आदि की घटनाएं बढ़ जातीं हैं तो पुलिस की कार्य-प्रणाली पर सवाल भी खड़े होते हैं।

रात्रि गश्त को लेकर थानेदारों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। सभी सीओ रात में निकल गश्त की मानिटरिंग करेंगे। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जन सुरक्षा व मजबूत कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है।

धवल जायसवाल, एसपी

# अलर्ट मोड पर सुरक्षा एजेंसियां

## पडरौना, हाटा समेत सात कस्बे व 117 गांव संवेदनशील

- डीजी कार्यालय से जारी हुआ फरमान, बिगड़ने न पाए हालात
- चिन्हित हुए मिश्रित आबादी वाले कस्बे व गांव, रखी जा रही नजर

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस की कवायद तेज हो गई है। राजनीतिक दल या कोई नेता लाभ लेने के उद्देश्य से सामाजिक सौहार्द में खलल न डालने पाए, इस पर नजर रखी जा रही है। डीजी कार्यालय से मिले निर्देश के बाद जिले में सक्रिय सुरक्षा एजेंसियां और भी सतर्क हो गई हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आमतौर पर चुनाव के समय या इससे पूर्व में सामाजिक सौहार्द के बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। खासकर चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवार भी अब अपने लाभ के लिए ऐसा करने से नहीं चूकते। इसके पीछे वजह एक वर्ग को संगठित कर अपने पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण करना है। चुनाव के समय इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, यही कारण है कि इसे लेकर और भी सजगता बरतने के निर्देश जारी हुए हैं।

इस क्रम में जिले स्तर पर सक्रिय स्थानीय अभिसूचना इकाई, इंटिलिजेंस की स्पेशल ब्रांच तथा आइबी केंद्र सरकार, पूरी सतर्कता बरत रही है। सुरक्षा एजेंसियों की प्राथमिकता नगर निकाय चुनाव को लेकर सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना है। इसे लेकर संवेदनशील जगहों तथा शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है, जिससे कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की त्वरित सूचना मिल सके और समय रहते इसे लेकर आवश्यक कदम उठाया जा सके। जिले में पडरौना, कसया, हाटा, सेवरही, खड्डा, रामकोला व कप्तानगंज समेत सात कस्बे तथा 117 गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां मिश्रित आबादी है और चुनाव के दौरान इन जगहों पर संवेदनशील स्थिति रहती है। चिन्हित जगहों पर मजबूत कानून-व्यवस्था तथा सामाजिक साहौर्द को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्ना हैं। इनके निशाने पर शरारती तत्व व संदिग्ध हैं। साथ ही अमन-चैन कायम रखने के लिए समाज के अच्छे लोगों से संपर्क स्थापित किया जा रहा, इसके पीछे मंशा इनकी मदद से शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखना है। दरअसल, नगर निकाय चुनाव को लेकर एक ओर जहां प्रक्रिया तेज हो गई है। वहीं राजनीतिक गलियारों में भी हलचल साफ नजर आ रही। यह देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बरत रहीं हैं, ताकि कहीं किसी तरह की कोई चूक न होने पाए।

### लागू है दंगा नियंत्रण योजना

सामाजिक सौहार्द कायम रखने को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के लिए दंगा नियंत्रण योजना बनाई गई है। जनपद में चिन्हित किए गए कस्बे तथा गांवों में इस योजना के तहत एजेंसियां संदिग्ध व शरारती तत्वों पर नजर रख उन पर लगाम लगाने का कार्य करेगी। दंगा नियंत्रण योजना में शामिल अधिकारी कर्मचारी बकायदा इसका रिहर्सल भी कर चुके हैं।

> नगर निकाय चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियां चल रहीं है। सामाजिक सौहार्द में बाधा पहुंचाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे लोगों पर पुलिस की नजर है।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# मंदबुद्धि बालक बरामद

**उजारनाथ।** पटहेरवा क्षेत्र के कुचिया मठिया गांव से लापता हुए मंदबुद्धि बालक को पुलिस ने चार घंटे में खोज लिया। शुक्रवार की सुबह गांव का औरंगजेब पुत्र मुजफ्फर उर्फ मुन्ना (9) लापता हो गया था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसएसआई शशांक राय की अगुवाई में चार घंटे के भीतर पुलिस ने बच्चे को बरामद करके परिजनों को सौंप दिया। संवाद

# टैक्ट्र-ट्रॉली में बैठे स्कूली बच्चों का वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

## गुस्साए बीएसए ने दिए जांच के निर्देश

**पडरौना/दुदही।** जिला स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को ट्रैक्टर ट्रॉली और पिकअप पर लाद कर लाया गया। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर बीएसए ने जांच कर करवाई करने का आश्वासन दिया है।

शुक्रवार को रविन्द्र नगर स्टेडियम में जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय बतरौली धुरखड़वा एवं बरवा बाजार के विद्यालयों के बच्चों को ट्रैक्टर ट्रॉली एवं पिकअप पर लादकर लाया गया। मुख्यमंत्री ने करीब एक माह पहले ट्रैक्टर-ट्राली पर सवारी करने पर प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं ट्रैक्टर ट्राली एवं पिकअप पर बच्चों का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इसके बाद बीएसए ने संज्ञान लेकर जांच कर करवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में बीएसए कमलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि वीडियो की पहचान कराई जा रही है। बच्चे किस विद्यालय के हैं। इसके बाद संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला

न्यूज डायरी

# पशुओं को छोड़कर भागे तस्कर

रहसू बाजार। पटहेरवा थाना क्षेत्र के चौराखास चौराहे पर पिकअप में लदे पशुओं को छोड़कर तस्कर भाग गए। शुक्रवार भोर में टहलने निकले लोगों ने वाहन पर लदे पशुओं की पुलिस को सूचना दी। पशुओं को मुक्त कराकर पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। पटहेरवा थाना प्रभारी गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पिकअप पर लदी पांच गाय और एक बछड़ा मिला। उन्हें लेकर तस्कर बिहार की तरफ जा रहे थे। वाहन के इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर आगे की छानबीन की जा रही है। संवाद

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

# सौ लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को सिंघापट्टी मुसहर टोली में कच्ची शराब के अड्डे पर दबिश देकर सौ लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब बरामद करते हुए दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा ग्राम सिंघापट्टी मुसहर टोली में दबिश के दौरान 6 जरिकैन में रखे 100 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब, 500 ग्राम नौसादर, 2 किलो यूरिया व अवैध शराब बनाने के उपकरण बरामद किया गया। पकड़े गये कारोबारियों की पहचान गुड्डू पुत्र मोतीचन्द्र निवासी मुसहर पट्टी रौजा एवं जनार्दन मुसहर पुत्र रामअवतार निवासी मुसहर टोला सिंगापट्टी थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

# पुलिस ने छह प्रतिबंधित पशु किये बरामद गाड़ी छोड़कर तस्कर फरार

फाजिलनगर/बेलवा कारखाना, हिटी। पटहेरवा पुलिस वध के लिए पिकअप से ले जाये जा रहे छह प्रतिबंधित पशुओं को थाना क्षेत्र के चौराखास के पास से बरामद करने में सफलता पायी। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गये।

शुक्रवार के भोर में पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय को मुखबिर से सूचना मिली कि फाजिलनगर-बनकटा बघौचघाट मार्ग से प्रतिबंधित पशुओं से लदी एक पिकअप बिहार जाने वाली है। सूचना मिलने के बाद एसओ अपने हमराहियों के साथ बड़हरा चौराहे के पास पहुंच कर गाड़ी का इंतजार करने लगे। इसी दौरान एक पिकअप फाजिलनगर के तरफ से आती दिखी, जिसको पुलिस कर्मियों ने रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेज गति से भागने लगा। पुलिस को पीछा करते देख पशु तस्कर चौराबाजार के पहले सड़क पर ही गाड़ी छोड़ फरार हो गये।

# पुलिस ने आठ प्रतिबंधित पशु बरामद किया

हाटा। हाटा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सुकरौली व तितला के बीच फोरलेन सड़क से मुखबिर के जरिए एक पिकअप पर लदे आठ प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया।

शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर सुकरौली बाजार से एक पिकअप के अन्दर क्रूरतापूर्वक लादे गये आठ प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया गया।

# चाकू से हमला करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मथौली बाजार।** शुक्रवार को कप्तानगंज थाने की पुलिस ने रगड़गंज पुलिया के पास ग्राम लक्ष्मीपु निवासी नौसाद खां पुत्र जाहिद खां व ओवैद खान उर्फ गोलई पुत्र समसाद को गिरफ्तार कर लिया। दोन ने मुर्गा बेचने के विवाद में अपने ही गांव के अमीरूल्लाह हक को चाकू से हमला कर घायल कर दिय था। हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी।

# वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पटहेरवा।** एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार के दिन दोपहर में एसआई आकाश सिंह, एसआई शशांक राय व पुलिस टीम वंछित अभियुक्त की तलाश में बिहार बार्डर की तरफ निकली थी। इस दौरान थाने विभिन्न मामलों में वांक्षित एक अभियुक्त पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान विजय पाल पुत्र पूरन पाल निवासी निवासी हरपुर बेलही के रूप में हुई।

# लापता बालक मिला

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुचिया निवासी एक नौ वर्ष का मंदबुद्धि बालक शुक्रवार की सुबह अपने घर से लापता हो गया, जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने बालक को चार घंटे के अंदर ढूंढ कर परिजनों के हवाले कर कर दिया।

# पेट्रोल बम से हमले में फौजी समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**तमकुहीराज।** कोइन्दी गोसाई पट्टी निवासी विनोद यादव सेना का जवान है। फौजी विनोद व उसके पट्टीदार दूधनाथ यादव के परिवारों के बीच पुराना विवाद है। कुछ दिन पहले ही फौजी विनोद छुट्टी पर घर आया है। तीन दिन पूर्व उसके पट्टीदार दूधनाथ यादव पर सोते समय किसी व्यक्ति ने पेट्रोल बम से हमला कर दिया था।

वह बाल-बाल बचे थे। घटना के बाद पीड़ित दूधनाथ ने तमकुहीराज पुलिस को घटना के खिलाफ लिखित शिकायती पत्र देकर फौजी विनोद यादव सहित चार लोगों पर हमले का आरोप लगाया था। पीड़ित दूधनाथ ने मामले को उच्चाधिकारियों से अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित के शिकायत पर गुरुवार को मामले की जांच करने पहुंची पुलिस टीम व फौजी में नोकझोंक होने का मामला कस्बे में चर्चा का केन्द्र बना रहा। जिसके बाद मुकामी पुलिस ने आरोपी फौजी व दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया था। फौजी को हवालात में बन्द करने के खिलाफ बार संघ तमकुहीराज के अधिवक्ताओं ने एसडीएम व्यास नारायन उमराव को पत्रक देकर फौजी को हवालात में डालकर मारने पीटने व अभद्रता करने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को मुकामी पुलिस ने पेट्रोल बम से हमला करने के मामले में आरोपी फौजी विनोद यादव सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पिकअप में पशुओं को छोड़ भागे तस्कर

**जासं, बेलवा कारखाना:** पटहेरवा के चौराखास के समीप शुक्रवार की सुबह गाय लदी एक पिकअप लावारिश हालत में मिली। वाहन खराब हो जाने के कारण पशु तस्कर गोवंश व वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है।

सुबह लगभग छह बजे ग्रामीण गांव से बाहर निकले तो फाजिलनगर-बघौच घाट मार्ग पर चौराखास चौराहा के समीप सड़क किनारे एक पिकअप खड़ा देखा। उत्सुकतावश एक युवक चढ़ कर देखा तो उसमें एक के ऊपर एक गायों को बांधकर लादा गया था। इसकी जानकारी कुछ ही देर में लोगों को हुई तो काफी भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में पुलिस पहुंची और गायों से लदी पिकअप दूसरे वाहन से खींच कर थाने ले गई। पुलिस के अनुसार उस पर सात गाएं बरामद हुई हैं।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-11-2022

# एसपी ने ली परेड की सलामी , किया निरीक्षण

**महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक डाक़ौस्तुभ ने पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया । साथ ही पुलिस कर्मियों शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई तथा आगे भी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए



नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन का भ्रमण तथा निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान ाटर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी़112, निर्माणाधीन बिल्डिंग, मेस व आवासीय बैरक, की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया । साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैडमिंटन हाल, जिम्नेजियम व मनोरंजन हाल का भी निरीक्षण किया । मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिये गये । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष ,गणना कार्यालयध्जीडी का निरीक्षण कर सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का ओ़आऱ किया । साथ ही गार्द रजिस्टर लेकर पहुंचे सभी गार्द कमाण्डरों का रजिस्टर जांच कर जरुरी निर्देश दिये गये । इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सभी थानों पर स्थापित होगा रक्त चाप मॉनीटरिंग डेस्क

**महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त



थानों/कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ व उनको शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ रखने तथा निरन्तर स्वास्थ चेकअप/जांच हेतु जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों में बीपी मनीटरिंग डेस्क की स्थापना की जा रही है। इस डेस्क के लिए पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने प्रतिसार निरीक्षक को रक्त चाप यंत्र प्रदान करते हुए निर्देशित किया है कि जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों में रक्त चाप यंत्र यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं।

# गोदाम की तिजोरी से 5.81 लाख गायब

महराजगंज। शहर के पिपरदेउरा में स्थित बीयर की गोदाम से 5.81 लाख रुपया गायब होने का मामला सामने आया है। इस मामले में मुनीम की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अमानत में खयानत करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि तिजोरी का ताला भी नहीं टूटा था। पर, उसमें रखे रुपये में से 5 लाख 81 हजार 579 रुपये गायब थे। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने बताया कि मुनीम की तहरीर पर धारा 406 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# एसपी ने भोजन कर परखी मेस की गुणवत्ता

- पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया गया आयोजन
- विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण के बाद दिए साफ-सफाई के निर्देश

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली। निरीक्षण के बाद मेस में पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने स्वयं भोजन कर वहां की गुणवत्ता परखी। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली। निरीक्षण के बाद मेस में पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने स्वयं भोजन कर वहां की गुणवत्ता परखी। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

पुलिस लाइन पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु दौड़ लगवाई, तथा आगे भी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने के लिए निर्देशित किया।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के क्वाटर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी112, निर्माणाधीन बिल्डिंग, मेस व आवासीय बैरक की सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी ने निरीक्षण के बाद प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए साफ-सफाई को बेहतर बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने बैडमिंटन हाल, जिम्नेजियम व मनोरंजन हाल का भी निरीक्षण किया।

मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन मे मेस का भोजन ग्रहण करते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ● जागरण

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग

महराजगंज : पनियरा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी चंदन वर्मा ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मारपीट के मामले में गांव के ही दोषी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## एक नजर में

### 19 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज : सोनौली थाने की पुलिस ने शुक्रवार को साकिनपुर निवासी राज के पास से 19 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (जासं)

### 21 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज :जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 21 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया।

### 177 वाहनों का चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 177 वाहनों का चालान काट दिया है। पुलिस ने इसके अलावा नौ लापरवाह वाहन चालकों से 8500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं)

# रुपये हड़पने में पांच पर मुकदमा

**जासं, नौतनवा**: धोखाधड़ी, जालसाजी से रुपये हड़पने, दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पांच आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। नौतनवा थाना में दिए तहरीर में श्रवण कुमार निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना चिलुआताल जिला गोरखपुर ने बताया कि उनकी बड़ी पुत्री का विवाह नौतनवा के ग्राम छपवा निवासी राहुल से तय हुई थी। सात फरवरी 2020 को 14 लाख रुपये देने की शर्त पर शादी तय हुई और चेक के माध्यम से अदा कर दी गई। शादी की तारीख 25 अप्रैल 2021 में सुनिश्चित हो गई। लेकिन अचानक वर के पिता ने अपनी पुत्री की शादी पहले करने के बाद पुत्र की शादी करने की बात कही और सात लाख पचास हजार रुपये की मांग रखी। मजबूरी में तीन लाख रुपये एनईएफटी के माध्यम से भेज दिया और चार लाख पचास हजार रुपये नकद दिए। इस उपरांत उनकी पुत्री की शादी दो दिसंबर को तय कर नौतनवा का एक मैरिज हाल बुक कर लिया गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि श्रवण कुमार की तहरीर पर आरोपित सुभाष चंद गुप्ता, माया देवी, राहुल, सुभाष के दामाद व पुत्री पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं, नौतनवा:** बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि युवती की मां ने थाना में दिए तहरीर में बताया था कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को एक युवक 14 नवंबर को शादी का झांसा देकर भगा ले गया, लेकिन शादी करने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देने लगा।

आरोपित आकाश निवासी बिस्मिल नगर थाना नौतनवा पर अपहरण व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# विस्थापित की गई कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी

- **कलेक्ट्रेट चौकी के स्थान पर बना सीओ सदर और एसडीएम कार्यालय**
- **भूमि मिलने तक जिला अस्पताल से ही संचालित होगी कलेक्ट्रेट चौकी**

जासं, महराजगंजः जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सदर तहसील भवन में संचालित कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी को अस्थाई तौर पर जिला अस्पताल के लिए विस्थापित कर दिया है। वहीं कलेक्ट्रेट चौकी के स्थान पर सदर सीओ और एसडीएम कार्यालय को स्थापित किया जा रहा है।

फिलहाल कलेक्ट्रेट चौकी के संचालन के लिए भूमि की तलाश की जा रही है, लेकिन भूमि मिलने तक चौकी का संचालन जिला अस्पताल से ही किया जाएगा। पहले सीओ सदर का कार्यालय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तो सदर एसडीएम का कार्यालय जिलाधिकारी कार्यालय भवन में संचालित होता रहा है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने कहा कि कलेक्ट्रेट चौकी और सीओ कार्यालय को विस्थापित करने का मुख्य उद्देश्स पुलिस बल का फैलाव करना था।

# एसपी ने किया परेड का निरीक्षण



**महराजगंज।** पुलिस लाइंस परिसर में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवाई। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करने की नसीहत दी। निरीक्षण के उपरांत क्वाटर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी 112, निर्माणाधीन बिल्डिंग, मेस व आवासीय बैरक की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। बैडमिंटन हाल, जिम्नेजियम व मनोरंजन हाल को बेहतर रखने के निर्देश दिए। संवाद

# बाइक सवार दो लोग घायल

**पनियरा।** पनियरा-मुजुरी मार्ग पर डिंगुरी बगीचे के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ में टकरा गई। हादसे में बाइक सवार अभिषेक (22) और विश्वनाथ (23) निवासी भौराबारी गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पनियरा भेजवाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। इस संबंध थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संवाद

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**परसा मलिक।** भगवानपुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। चौकी प्रभारी ने बाइक चालकों को हेलमेट पहनने से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। इस मौके पर अशोक कुमार तिवारी, गिरजा शंकर पांडेय, रोहित मौर्य आदि मौजूद रहे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# दबिश में तीन हजार किलो लहन बरामद

**बस्ती।** संयुक्त आबकारी आयुक्त ईआईबी प्रयागराज के नेतृत्व में बस्ती एवं अयोध्या की जिला व मण्डल स्तरीय प्रवर्तन टीम ने विक्रमजोत पुलिस के सहयोग से अयोध्या-बस्ती सीमा पर स्थित माझा क्षेत्र में शुक्रवार को दबिश दी। कच्ची शराब बनाने की पांच भट्ठी, उपकरण, तीन हजार किलो लहन और 75 लीटर शराब बरामद हुई।

# मुंडेरवा पुलिस ने 31 को किया पाबंद

**बस्ती।** मुंडेरवा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के 31 लोगों को सीआरपीसी की जाब्ता फौजदारी की धारा के तहत पाबंद किया है। इसके अलावा आनन्द कुमार निवासी परसा हज्जाम, विजय प्रकाश निवासी सोनवलिया, गोविन्द निवासी सोनवलिया, लालू निवासी बेलसुही , मो. युनुस निवासी बेलसुही, सलमान निवासी अण्डा, शुभम दूबे निवासी भिटहा भिखारी को भी पाबंद किया गया है।

# दस हजार रुपये की मांग को लेकर धमकाया

**बस्ती।** गौर के ही गौर बाजार में मोबाइल पर फोन करके 10 हजार रुपये की मांग करने, मना करने पर अपशब्द कहने के मामले में शुभम जायसवाल की तहरीर पर शिब्बू सिंह निवासी उकरहा पर मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रभारियों संग डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

## निर्देश

**बस्ती, निज संवाददाता।** परिक्षेत्रीय कार्यालय में बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर जनपद के गोपनीय कार्यालय के प्रभारियों और कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को डीआईजी आरके भारद्वाज ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण प्रकरणों जैसे मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग आदि से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण पर जोर दिया।

डीआईजी ने कहा कि आयोग से सम्बन्धित जो भी प्रकरण जनपदों में लम्बित हैं, उनका अतिशीघ्र निस्तारण कराएं। हिदायत दी कि निस्तारण में किसी भी प्रकार से शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक प्रकरण को पूरी गंभीरता से अटैंड करते हुए समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें। इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के गोपनीय शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने केडीसी और एपीएन का छात्रसंघ चुनाव स्थगित किया

# नाराज छात्र नेताओं ने डीएम आवास घेरा, हिरासत में

**हड़कंप**



पुलिस लाइन में बैठाए गए छात्रनेता। • हिन्दुस्तान

**18 को नामांकन पत्रों का होना था दाखिला**

- गुरुवार की रात से शुक्रवार सुबह छह बजे तक चला धरना
- निकाय चुनाव के बाद छात्रसंघ चुनाव के आश्वासन पर माने

**बस्ती, निज संवाददाता।** डीएम प्रियंका निरंजन ने मुख्यालय के दोनों महाविद्यालयों के छात्रसंघ चुनाव को स्थगित कर दिया है। यह निर्णय पुलिस बल की कमी को दिखा कर लिया गया। गुरुवार देर रात जारी स्थगन आदेश के विरूद्ध छात्रनेताओं ने डीएम आवास का घेराव कर लिया। दो दर्जन से अधिक छात्रनेताओं को कोतवाली पुलिस पकड़कर पुलिस लाइन ले गई। अपराह्न तीन बजे के बाद उन्हें छोड़ा गया। बाद में प्रशासन ने निकाय चुनाव बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का लिखित आश्वासन दिया तो नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ।

किसान पीजी कॉलेज व एपीएन पीजी कॉलेज में 20 नवंबर को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान होना था। किसान पीजी कॉलेज में 15 नवंबर को तथा एपीएन में 16 नवंबर को अधिसूचना जारी हुई थी। 17 को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। 18 नवंबर को नामांकन पत्रों का दाखिला होना था। महाविद्यालय प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर लिया था। छात्रनेता भी प्रचार-प्रसार में जुट गए थे।

अचानक गुरुवार रात करीब 10 बजे जिला प्रशासन की तरफ से छात्रसंघ चुनाव स्थगित करने का निर्देश दोनों महाविद्यालयों को प्राप्त हुआ। इस बात की पुष्टि केडीसी के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. शिवेन्द्र मोहन पांडेय व एपीएन के चुनाव अधिकारी डॉ. राजेन्द्र बौद्ध ने किया। छात्रसंघ चुनाव स्थगन की सूचना देते हुए डीएम ने कहा कि अचानक वीआईपी मूवमेंट होने के चलते बड़े पैमाने पर फोर्स का डायवर्जन हो गया है। इस कारण छात्रसंघ चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में कठिनाई होगी। यह सूचना तेजी से फैली तो छात्रनेताओं ने गुरुवार रात डीएम आवास का घेराव कर लिया।

# बीच-बचाव करने पर मारापीटा, मुकदमा

**बानपुर, बस्ती** : लालगंज थाने के सूसीपार ( सोरहिया जोत) निवासी इंद्रसेन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में झगड़े का बीच-बचाव करने के विपक्षियों ने मारा पीटा। पुलिस ने परशुराम, रोहन, सोहन व रंजीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।(जासं)

# रंजिश में मारापीटा, केस

**बस्ती :** कोतवाली के मिल्लतनगर बेलवाडाड़ी में मारपीट के मामले में सलमान अहमद निवासी रहमतगंज थाना कोतवाली की तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ले के दानिश, बाबू ,मुस्तकीन, फहद व अन्य ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारा पीटा। जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।(जासं)

# कहासुनी को लेकर मारपीट

**बस्ती :** पुरानी बस्ती थाने के मकबूलगंज में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। एक पक्ष के शुभम गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आपसी कहासुनी को लेकर मोहन व सत्यम ने उन्हें मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। इसी मामले में दूसरे पक्ष के मोहनलाल वर्मा निवासी राजेन्द्र तिराहा थाना पुरानी बस्ती ने आरोप लगाया है कि रुपया मांगने पर उनके बेटे सत्यम को अपशब्द कहते हुए शुभम व शिवम ने मारा पीटा व धमकी दी। (जासं)

# रंजिश में मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती :** गौर पुलिस ने रेलवे क्रासिंग आम्मा टिनिच पर पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहने, मारने–पीटने के मामले में सुमन किन्नर की तहरीर पर पूजा चौहान व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पैकोलिया पुलिस ने मारपीट के मामले में उदय प्रताप सिंह की तहरीर पर सोनू सिंह, पूनम सिंह निवासी सरसंडा पर केस दर्ज किया।

# दो लोगों पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**गोटवा बस्तीः** नगर थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने दुकान में बैठी हुई थी। इसी दौरान गांव के सुबाष यादव व सुरेश यादव ने वहां पहुंचकर उसका हाथ पकड़ लिया और दुकान के बाहर खींचकर छेड़खानी करने लगे। बीच बचाव करने आए उनके पति को भी आरोपितों ने मारा पीटा व दुकान जलाने तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सरयू के माझा में आबकारी टीम की छापेमारी

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती:** बस्ती व अयोध्या की आबकारी टीम ने शुक्रवार को दोनों जनपदों की सीमा पर स्थित सरयू नदी के माझा क्षेत्र में कच्ची के ठिकानों पर छापेमारी की।

आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद बस्ती एवं अयोध्या जनपद के आबकारी विभाग के प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने छावनी पुलिस के साथ माझा क्षेत्रों में छापेमारी की। मौके पर 30 क्विंटल महुआ लहन मिला। आबकारी टीम ने 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की। बरामदगी के आधार पर दो मुकदमे अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किए गए।

# ीन दिन बीतने के बाद
# ी पुलिस खाली हाथ

**सं, सोनहा, बस्ती:** थाने से सिर्फ प
लोमीटर दूर फेरसम में सुनस
र को इत्मीनान से खंगालने व
रों का सोनहा पुलिस अब त
ाग नहीं लगा सकी। मुकदमा द
ने के तीन दिन बाद भी सोन
लिस खाली हाथ है। पुलिस
क्रियता पर लोगों द्वारा सवाल ख
ए जा रहा है।
फेरसम गांव निवासी शिवशंक
श्र का मकान सड़क के किन
थत है। उनके घर में घुसक
रों ने 10 हजार रुपये नकद सहि
गभग पांच लाख के जेवर
रा ले गए थे। पीड़ित का परिव
खनऊ में रहता है। घर पर मां ब
ते हैं। दीपावली की छुट्टी में स
र आए थे। शिवशंकर 27 अक्टू
घर में ताला लगाकर मां बाप
साथ लेकर लखनऊ लेते ग
मवार की देरशाम वह जब ग
टे तो मुख्य गेट सहित दरवाज
दूक व आलमारी का ताला टू

# गबन के आरोप में मुकदमा

**कप्तानगंज, बस्ती:** कप्तानगंज पुलिस ने गौरा कप्तानगंज निवासी सुनील कुमार पांडेय की तहरीर पर जसईपुर निवासी वेद प्रकाश मिश्र के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वेद प्रकाश मिश्र ने उनसे जमीन देने के लिए 16 लाख रुपया नगद एवं चेक से लिया था। लेकिन जमीन दूसरे को बेंच दी। रुपया वापस करने को कहा गया तो कुछ रकम खाते में वापस भी किया। बाद में पैसा देने से मना कर दिया और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# छात्रसंघ चुनाव स्थगित करने पर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

## गुरुवार की रात में डीएम आवास पर पहुंच छात्रों ने दिया धरना, सुबह पुलिस धरना दे रहे छात्रों को ले गई पुलिस लाइन

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** छात्रसंघ चुनाव पर ग्रहण लग गया है। नामांकन से पहले ही शिवहर्ष किसान पीजी कालेज और एपीएनपीजी कालेज के छात्रसंघ चुनाव को स्थगित कर दिया गया। इससे नाराज छात्र गुरुवार को आधीरात डीएम बंगले पर पहुंच गए। आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया। इसकी सूचना वायरलेस सेट पर गूंजी तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए। रात में ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी छात्र नेताओं को मनाने में लग गए। समझा उन्हें घर भेजना चाहते थे लेकिन वह नहीं माने। सुबह पुलिस उन्हें लेकर पुलिस लाइन चली गई। इस दौरान धक्का-मुक्की में कई छात्र नेताओं के कुर्ते फट गए।

शुक्रवार को दिन में 11 बजे से शिवहर्ष किसान पीजी कालेज और एपीएनपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन पत्रों का दाखिला होना था। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। इससे पहले गुरुवार की रात में 11 बजे चुनाव स्थगित करने की खबर पहुंच गई। एपीएन पीजी कालेज के छात्रनेता विशाल कसौधन, अनुज बहादुर सिंह, अनुज प्रजापति ने बताया कि यह जानकारी प्राचार्य ने उन्हें फोन पर दी। बताया गया कि ऐसा डीएम के आदेश पर किया गया है। इसी प्रकार शिव हर्ष किसान पीजी कालेज के छात्र नेता आयुष पांडेय ने बताया कि उन्हें देररात कालेज के चुनाव अधिकारी शिवेंद्र सिंह ने फोन कर चुनाव स्थगित किए जाने की बात बताई।



अस्पताल में भर्ती छात्रनेता को देखने पहुंचे लोग ● जागरण



धरना में बेहोश हुए छात्र को लेकर प्रदर्शन करते छात्रनेता ● जागरण

### डीएम ने छात्र नेताओं से की बात, जनवरी में होगा चुनाव

छात्रनेताओं की नाराजगी को देखते हुए डीएम ने उनके प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर निकाय चुनाव बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलनकारी छात्रनेता माने और पुलिस लाइन से अपने घर को वापस लौटे। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिवानंद, केडीसी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक पांडेय, अमन सिंह, पूर्व महामंत्री अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व उपाध्यक्ष सूरज चतुर्वेदी, रजनीश यादव, सलमान खान, सचिन सिंह, एपीएन पीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विपिन त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

यह सूचना जैसे ही प्रसारित की गई दोनों कालेजों के छात्र नेता सड़क पर आ गए। दबाव बनाने के लिए रात 12 बजे डीएम आवास पर पहुंच गए। वहां नारेबाजी करते हुए धरना देने लगे। धरना की सूचना मिलते ही एडीएम, एसडीएम सदर, सीओ सिटी, कोतवाली, पुरानी बस्ती सहित आसपास की फोर्स मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों के समझाने के बाद भी छात्रनेता गेट से हटने को तैयार नहीं हुए तो सुबह जिले के साथ ही संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर से भी पुलिस फोर्स मंगा ली गई। इसके बाद सभी छात्रों को पुलिस लाइन ले जाया गया। छात्रों को मनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि चुनाव निरस्त नहीं स्थगित किया गया है। जल्द ही इसे कराया जाएगा। वह अधिकारियों से बात करेंगे। विरोध दर्ज कराने वाले छात्र नेताओं में शिवम त्रिपाठी, शिवम सिंह, हर्ष पांडेय, अमित सिंह, अंशी, उपाध्याय, अभिषेक समेत अनेक छात्रनेता मौजूद रहे।

**पुलिस की अटकी रही सांस :** छात्र नेताओं के विरोध को देखते हुए पुलिस प्रशासन परेशान रहा। जब तक छात्रनेता पुलिस लाइन से वापस नहीं चले गए तब तक उनकी सांस अटकी रहीं। एडीएम कमलेश चंद्र, एसडीएम सदर शैलेश दुबे, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, आलोक सिंह समेत कई थानाध्यक्ष आदि थे।



पुलिस लाइन मे नारेबाजी करते छात्र ● जागरण

### दो छात्र नेताओं की हालत बिगड़ी, पहुंचे अस्पताल

पुलिस लाइन मे ले जाए गए छात्र नेताओ मे से दो की हालत अचानक सुबह बिगड़ गई। पहले एपीएन कालेज के छात्रनेता मो हारिश की तबीयत बिगड़ी। इनको अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद केडीसी के छात्रनेता अतुल भट्ट की तबीयत बिगड़ गई। इन्हे भी अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद सीडीओ और एडीएम की मौजूदगी मे कई छात्र नेताओ और उनके समर्थको के स्वास्थ्य की जाच की गई। डाक्टरो की पूरी टीम के साथ सीएमओ भी पुलिस लाइन मे जमे रहे।



# मारपीट व एससी–एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, सोनहा, बस्ती**: पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोनहा पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट, एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के कलंदर नगर की सुनीता देवी पत्नी भैया लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैलानी गांव निवासी झिनका उर्फ दिलीप कुमार, घमालू उर्फ श्रवण कुमार, ननकू व गौरी शंकर ने उनके बेटे सूरज को मोटर साइकिल से ठोकर मार दिया। इससे वह चोटिल हो गया। इस बात की उलाहना देने पर उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सीसीटीएनएस प्रशिक्षण केंद्र का एसपी ने किया उद्घाटन



पुलिस लाइंस में शुक्रवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सीसीटीएनएस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइंस में बने सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) के जिला प्रशिक्षण केंद्र का शुक्रवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने उद्घाटन किया।

एसपी ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं लखनऊ उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में यह केंद्र स्थापित किया गया है। इस दौरान एसपी ने प्रशिक्षण केंद्र में तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि जिले के विभिन्न पुलिस कार्यालयों, थानों में तैनात कर्मियों को सीसीटीएनएस सिस्टम के बारे में यहां प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा पुलिस कर्मी सीसीटीएनएस से संबंधी तकनीकी कार्यों के संबंध में जागरूक हो सकें।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक संदीप राय व सीसीटीएनएस के जिला समन्वयक सिद्धार्थ शर्मा एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# रुपये लेकर नहीं दी जमीन, धोखाधड़ी का केस

## गौरा के सुनील की तहरीर पर वेदप्रकाश पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने रुपये लेकर जमीन नहीं देने के आरोप में थाना क्षेत्र के जसईपुर निवासी वेद प्रकाश मिश्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया है।

थाना क्षेत्र के गौरा निवासी सुनील कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वेद प्रकाश मिश्र ने जमीन दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठे हैं। जब लोग उनसे रुपये मांगते हैं तो वह उन पर झूठा व मनगढ़ंत आरोप लगाकर प्रताड़ित करता है। सुनील ने बताया कि वेद प्रकाश ने जमीन देने के लिए उनसे 16 लाख रुपये नकद व चेक के रुप में लिया था। फिर भी उसने जमीन दूसरे को बेच दी। जब उन्होंने रुपये मांगे तो कुछ धन उसने बैंक खाते में वापस भी किया। बाद में उसने रुपये देने से इनकार कर दिया और बोला कि यदि रुपये मांगेंगे तो नौकरी दिलवाने के नाम पर फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा।

### जमीन बेचने के लिए 16 लाख रुपये लिए थे

एसओ सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# माझा व सरयू के बीच बसे गांवों में धधकने लगीं भट्ठियां

## जिले और अयोध्या की आबकारी व पुलिस टीम ने चलाया अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ठंड शुरू होते ही माझा में कच्ची शराब की भट्ठियां धधकने लगी हैं। इसकी सूचना के बाद जिले व अयोध्या की आबकारी टीम व पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पांच ऐसी भट्ठियों को नष्ट किया जिस पर कच्ची शराब बनाई जा रही थी।

यहां तीन हजार लीटर लहन किया गया। साथ ही 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। मौके पर कोई आरोपी नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में दो अज्ञात पर मुकदमा भी दर्ज किया है।

जिले में हर माह कच्ची शराब से लाखों रुपये का नुकसान होता है। इसे रोकने के लिए आबकारी विभाग खुद को सतर्क रहने का दावा तो करता है, मगर कच्ची शराब के धंधेबाज उस पर भारी पड़ रहे हैं। तभी तो कार्रवाई से पहले ही उन्हें सूचना मिल जाती है और वे मौके से फरार हो जाते हैं।

यही नहीं खबर तो यह भी है कि माझा क्षेत्र में आसपास के जिलों से भी कच्ची शराब की आपूर्ति हो रही है। हालांकि इसकी पुष्टि विभाग नहीं कर रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी नवीन सिंह ने कहा कि कच्ची शराब पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी का परिणाम है कि शुक्रवार को संयुक्त आपरेशन में पांच धधक रही भट्ठियों को नष्ट कर भारी मात्रा में लहन व कच्ची शराब बरामद की गई है।

SRMS

# मारपीट की 15 घटनाओं में 42 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

## कोतवाली, पुरानी बस्ती, पैकोलिया और अन्य थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में विभिन्न कारणों से हुई मारपीट की 15 घटनाओं में पुलिस ने 42 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ये घटनाएं कोतवाली, पुरानी बस्ती, पैकोलिया, गौर, हर्रैया, छावनी थानाक्षेत्र में हुई।

कोतवाली थाने के मिल्लत नगर बेलवाडाडी में मारपीट के मामले में सलमान अहमद निवासी रहमतगंज थाना कोतवाली ने तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने दानिश, बाबू, मुस्तकीन, फहद व अन्य निवासी मिल्लतनगर बेलवाडाडी थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्तीपुलिस ने मकबूल गंज में मारपीट के मामले में वहीं के शुभम गुप्ता ने मोहन व सत्यम के खिलाफ तहरीर दी।

इसी मामले में दूसरे पक्ष के मोहनलाल वर्मा निवासी राजेन्द्र तिराहा थाना पुरानी बस्ती ने शुभम व शिवम के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है।

### मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

पुरानी बस्ती थाने के ही राजा बाजार मेंहदावल रोड पर आपसी विवाद को लेकर रास्ते में रोककर अपशब्द कहने, घर में घुसकर मारने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में ऋषिकेश गुप्ता ने तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने उमंग अग्रहरि, बन्टी अग्रहरि व दो अन्य पर मुकदमा दर्ज किया।

हर्रैया पुलिस ने संसारीपुर सैनिक ढ़ाबा के पास ट्रक से साइड मारने के विवाद में भवानी सिंह निवासी नरसास थाना लक्ष्मण गढ़ जिला सिक्कर राजस्थान की तहरीर पर दूसरे ट्रक चालक नाम अज्ञात व एक अन्य पर मुकदमा दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने कालानी कला गांव में पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में राजेन्द्र कुमार की तहरीर पर उसी गांव के खदेरू, दुर्गेश और खदेरू की पत्नी पर मुकदमा दर्ज किया है।

परशुरामपुर पुलिस ने रिक्खीपुर गांव में अपशब्द कहने, मारपीट आदि के मामले में नीलम पत्नी छेदीलाल की तहरीर पर गांव के आकाश, शिवम निवासी छपिया जनपद गोंडा, अंकित, कमलेश निवासी टेढ़ाघाट थाना परशुरामपुर पर मुकदमा दर्ज किया है।

पैकोलिया पुलिस ने सरनागी गांव में मारपीट, धमकी आदि के मामले में उदय प्रताप सिंह निवासी सरनागी की तहरीर पर सोनू सिंह, पूनम सिंह निवासी सरसंडा थाना छावनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इसी थाने के कपुरपुर गांव की इन्द्रपति की तहरीर पर राहुल, नंदनी, निशा निवासी कपुरपुर पर मुकदमा दर्ज किया।

गौर पुलिस ने रेलवे क्रासिंग आमा टिनीचपर पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहने, मारने-पीटने के मामले में सुमन किन्नर की तहरीर पर पूजा चौहान व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। गौर थाने के ही गौर बाजार में मोबाइल पर फोन करके 10 हजार रुपये की मांग करने, मना करने पर अपशब्द कहने के मामले में शुभम जायसवाल की तहरीर पर शिब्बू सिंह निवासी उकरहा पर मुकदमा दर्ज किया है।

गौर थाने के चकचई में मारपीट के मामले में झिन्कू प्रसाद की तहरीर पर गांव के ही राकेश, ममता, त्रिलोकी, विकास निवासी अयार थाना डिड़ई जिला सिद्धार्थनगर पर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में दूसरे पक्ष के राकेश की तहरीर पर चंद्र कुमार, राजेश कुमार, रूमन देवी पर मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज पुलिस ने सूसीपार (सोरहिया जोत) में झगड़े में बीच-बचाव करते समय मारपीट के मामले में इन्द्रसेन की तहरीर पर परशुराम, रोहन, सोहन व रंजीत पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# शोहरतगढ़ के आरक्षी रिकेश ने पहला स्थान प्राप्त किया

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)** ।पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में 21वीं सदी- पुलिस एवं मानवाधिकार विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुलिसकर्मियों ने खुलकर अपने विचार रखे।प्रतियोगिता में विजेताओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता**

**प्रथम दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को एसपी ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर के सभागार कक्ष में मानवाधिकार संरक्षण के प्रति पुलिस कर्मियों को जागरूक एवं संवेदनशील किये जाने के संबंध में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक 21वीं सदी- पुलिस एवं मानवाधिकार रहा । प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागियों को वाद-विवाद हेतु पांच-पांच मिनट का बोलने का मौका दिया गया । जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया । प्रतियोगिता में थाना शोहरतगढ़ के आरक्षी रिकेश तिवारी प्रथम रहे । दूसरे स्थान पर थाना बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेष सिंह व तीसरे स्थान पर थाना इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे। चतुर्थ स्थान पर थाना भवानीगंज के आरक्षी संदीप कुमार यादव रहे । उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका नीता यादव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु व सौरभ श्रीवास्तव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी रहे । पुलिस अधीक्षक द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीओ सदर अखिलेश वर्मा,भूतनाथ गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर, चन्दन कुमार पीआरओ अधीक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी ने किया।



विजेताओं पुरुस्कार देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

# मानव तस्करी को रोकना है तो मिलकर कार्य करना होगा

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। विश्व बाल अधिकार जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत प्लान इंडिया, सशस्त्र सीमा बल, पुलिस, युवा कल्याण विभाग व नेहरू युवा केंद्र के समन्वय से खेल गतिविधियों का आयोजन बढ़नी ब्लक के चंदई ग्राम पंचायत में किया गया। मानव तस्करी की जागरूकता हेतु एक रैली का आयोजन बढ़नी रेलवे स्टेशन पर सशस्त्र सीमा बल कैम्प बढ़नी द्वारा किया गया।कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य समाज में सभी को बाल अधिकारों व बाल संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना था । इस दौरान बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में भाग लिया इसके साथ बालिकाओं ने खो खो में भी अपना हुनर दिखाया। इस दौरान प्लान इण्डिया ने बच्चों को प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के बारे मे बताया कि हम मानव तस्करी व बाल संरक्षण के लिये बढ़नी ब्लॉक के सीमाई क्षेत्र में कार्य कर रहे है।सशस्त्र सीमा बल कोटिया कैम्प के प्रभारी अशोक मीणा ने सभी बच्चो को खेलो के माध्यम से आगे बढ़ने को प्रेरित किया।पीआरडी कमाण्डर ने बच्चो को ग्राम पंचायत स्तर पर युवा कल्याण विभाग की युवकध्महिला मंगल दल के साथ जुड़कर खेलो के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केंद्र के ब्लाक समन्वयक ने बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। शोहरतगढ़ थाने के एसआई एसपी यादव ने बच्चो की दौड़ में बच्चो को उत्साहित किया। नैनमती संसति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदई के प्रधानाचार्य ने बताया की समाज से अगर मानव तस्करी को रोकना है तो हम सभी के मिलकर इस मुद्दे पर कार्य करना होगा । इस कार्यक्रम में एसएसबी 43 बटालियन कोटिया बाजार के प्रभारी अशोक मीणा, शोहरतगढ़ थाने से एसआई एसपी यादव, ,पीआरडी कमाण्डर राजेंद्र प्रसाद, नेहरू युवा केंद्र ब्लक समन्वयक रुपेश मिश्रा, प्लान इण्डिया से जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला, विजयशंकर, काजल श्रीवास्तव, शिवनंदन व ष्णमोहन दुबे, संदीप चौधरी, कपिल चौधरी, शीतल, सुंदरी, रौशनी, शालिनी व नैनमती विद्यालय के छात्र, छात्राये आदि उपस्थित रहे।



प्लान इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चो को किया गया सम्मानित

# कोटिया बार्डर पर पुलिस व एसएसबी ने किया पैदल मार्च

बानगंगा (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिार्थ नगर अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जयराम के कुशल पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे शुक्रवार को आगामी नगर निकाय चुनाव एवं नेपाल में चुनाव को लेकर बर्डर सील के ष्टिगत पुलिस चौकी कोटिया बाजार क्षेत्र के अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ नेपाल पुलिस नेपाल सीमा के समीपवर्ती क्षेत्रों में पेट्रोलिंग किया गया।इस दौरान एसएसबी के अंकित सिंह,नेपाल पुलिस रमेश उपाध्याय ,शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय,चौकी प्रभारी कोटिया बाजार रमाकांत सरोज आदि मौजूद रहे।



एसएसबी व पुलिस का संयुक्त मार्च। फोटो : एसएनबी

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को 10 साल की सजा

सिद्धार्थनगर। ऑपरेशन शिकंजा के तहत मोहाना पुलिस ने प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपित नेपाल के कपिलवस्तु जिले के तौलिहवा थाना क्षेत्र के शिवालया निवासी साधु पुत्र प्रभु कोरी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित कराया है।

# सुरक्षा कर्मियों ने भ्रमण कर लिया भारत-नेपाल सीमा का जायजा



शुक्रवार को बर्डपुर क्षेत्र के अलीगढ़वा के आसपास भ्रमण करते सुरक्षाकर्मी। ● हिन्दुस्तान

**खुनुवा/बर्डपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** इंडो-नेपाल सीमा गुरुवार की आधीरात को सील होने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर जायजा लिया।

शोहरतगढ़ क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र खुनुवा बाजार सीमा पर पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय ने चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान व सशस्त्र सीमा बल जवानों से बातचीत की। इसके बाद सीमावर्ती इलाकों का पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं बर्डपुर क्षेत्र के अलीगढ़वा व ककरहवा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां पैनी नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा कर्मियों ने पिलर संख्या 549 अलीगढ़वा से पिलर सख्या 550 गौरी तक पैदल गश्त किया। सहायक कमांडेंट राजपाल, इंस्पेक्टर उमेश सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

# आरक्षी रिकेंश तिवारी ने जीती वाद-विवाद प्रतियोगिता

सिद्धार्थनगर : पुलिस लाइन सभागार में शुक्रबार को 21वीं सदी, पुलिस एवं मानवाधिकार विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतिभाग करने वाले पुलिस कर्मियों ने अपने विचार रखे। प्रत्येक प्रतिभागियों को पांच मिनट बोलने का मौका दिया गया। शोहरतगढ़ थाना में तैनात आरक्षी रिकेंश तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरें पर थाना बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेश सिंह व तीसरे स्थान पर इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे। निर्णायक मंडल में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की डा. नीता यादव, डा. सौरभ श्रीवास्तव रहे। (जासं)

# वाद विवाद प्रतियोगिता में रिकेश रहे अव्वल

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइंस सभागार में शुक्रवार को 21वीं सदी-पुलिस एवं मानवाधिकार विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस कर्मियों ने खुलकर अपने विचार रखे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। शोहरतगढ़ थाने के आरक्षी रिकेश तिवारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेश सिंह व तीसरे स्थान पर इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में रिकेश रहे अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में शुक्रवार को 21वीं सदी पुलिस एवं मानवाधिकार विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता में पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

मानवाधिकार संरक्षण के प्रति पुलिसकर्मियों को जागरूक एवं संवेदनशील किये जाने के संबंध में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में पांच-पांच मिनट का बोलने का मौका दिया गया।

थाना शोहरतगढ़ के आरक्षी रिकेश तिवारी प्रथम रहे, जबकि दूसरे स्थान पर थाना बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेष सिंह व तीसरे स्थान पर थाना इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे।

निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नीता यादव व सौरभ श्रीवास्तव ने निभाई। एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ अखिलेश वर्मा, आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

## मानवाधिकार संरक्षण के प्रति पुलिसकर्मियों को किया गया जागरूक

# मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाना पुलिस ने शुक्रवार को फरार चल रहे एक वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसओ अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि जक्कर पुत्र बक्कस, ग्राम धोबहा के टोला पठान डीह का रहने वाला है और आपराधिक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# व्यापारी के खोये रुपये पुलिस ने किया सुपुर्द

**मेंहदावल (एसएनबी)** । मेंहदावल पुलिस ने सिंघाड़ा व्यापारी के खोये हुए 31 हजार ₹ को ढूंढ कर बरामद किया। उसके बाद उक्त व्यापारी को ₹ सुपुर्द कर दिया। जिसे पाकर व्यापारी ने पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। शुक्रवार को चन्दन पुत्र स्व. रामसुभग निवासी मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा थाना मेंहदावल पर आकर मौखिक सूचना दिया गया कि उनके द्वारा कस्बा मेंहदावल में सिंघाड़ा का व्यापार किया जाता है। आज में कस्बा मेंहदावल में आकर पूर्व में विक्रय किये हुए सिंघाड़े का 31 हजार ₹ वसूल कर काली पॉलीथीन में रखा था। मेरा ₹ कहीं गुम हो गया है। इस सूचना पर तत्काल चीता मोबाइल कर्मचारीगण कां. अखिलेश पाण्डेय व कां. रत्नेश सिंह मौके पर पहुंचकर खोजबीन किया गया तो उक्त पॉलीथीन एक 06 वर्ष के बच्चे के पास से बरामद हुई। बच्चे की माता द्वारा बचाया गया कि साहब यह ₹ हमारा नहीं है जिसका हो उसे दिलवा दीजिये। सूचनाकर्ता चन्दन उपरोक्त को थाने पर बुलाकर पालीथीन व उसमें रखे ₹ को तस्दीक कराकर खोया हुआ ₹ सुपुर्द किया गया।


# सीसीटीएनएस में जिले को जोन में प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर** । सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड में माह अक्टूबर में जनपद को संतकबीरनगर को जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में 13वां रैंक प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही साथ आईसीजेएस पोर्टल पर भी जनपद को आईसीजेएस लॉगिन और यूजेज में जोन एवं रेंज में प्रथम एवं प्रदेश में 13वां स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार एवं सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने इसके लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन तथा सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोअर्डिनेटर अहमद रजा के अथक प्रयास से तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सीसीटीएनएस पोर्टल के माह अक्टूबर 2022 की डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में जनपद संत कबीर नगर को जोन में प्रथम एवं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में 13वां रैंक प्राप्त हुआ है । बताते चलें कि सीसीटीएस के परफार्मेंस के संबंध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है जिसकी मॉनीटरिंग केंद्रीय स्तर पर की जाती है। इसके साथ ही साथ आईसीजेएस पोर्टल पर भी जनपद को आईसीजेएस लॉगिन और यूजेज में जोन एवं रेंज में प्रथम एवं प्रदेश में 13व स्थान प्राप्त हुआ है।

# मारपीट की घटना में तीन नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के महुली कस्बा में हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर महुली पुलिस ने 2 सगे भाइयों समेत 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महुली कस्बा निवासी सुधीर कुमार गौड़ पुत्र रामनयन ने महुली थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की रात करीब 8 बजे नटवा गांव निवासी रामभरत, अरविन्द पुत्रगण रामसुरेश व भैंसहिया गांव निवासी जितेन्द्र पुत्र रामतिलक पीड़ित को गाली देने लगे जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा और जानमाल की धमकी देते हुए उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। महुली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है शीघ्र ही आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अपहरण का नामजद वांछित गिरफ्तार



धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसलाकर बीते फरवरी माह में किए गए अपहरण के आरोप में नामजद होने के बाद लगातार फरार चल रहे नामजद आरोपी को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीते 16 फरवरी 2022 को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला-फुसलाकर महुली थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी अखिलेश्वर पाठक उर्फ अनिल पुत्र हरिहर पाठक ने अपहरण कर लिया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को जब किशोरी के बारे में कोई सुराग नहीं मिला तो किशोरी के पिता ने बीते 24 फरवरी 2022 को धनघटा थाने पहुंचकर किशोरी के अपहरण करने वाले उक्त आरोपी अखिलेश्वर पाठक पुत्र अनिल के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की थी जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। सभी नात-रिश्तेदारों सहित सगे-सम्बन्धियों के ठिकानों पर छापेमारी करने के बाद भी अभी तक उक्त आरोपी पुलिस पकड़ में नहीं आ सका था। शुक्रवार को धनघटा पुलिस को जरिए मुखबिर नामजद आरोपी के अपहृता के साथ स्थानीय धनघटा चौक पर मौजूद रहने की सूचना मिली तो धनघटा थाने के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार हमराही पुलिसकर्मी के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपहृता को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहृत किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए महिला आरक्षी की अभिरक्षा में अस्पताल भेज दिया है साथ ही कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सीओ को एसपी ने स्टार लगाकर किया अलंकृत



संतकबीरनगर (एसएनबी)। प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी के व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को एसपी सोनम कुमार के साथ प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा ने उन्हें स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उन्हें किसी भी सर्किल में क्षेत्राधिकारी के पद की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय पर प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर के व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें स्टार लगाकर अलंकृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत अब उन्हें किसी भी सर्किल में क्षेत्राधिकारी के पद पर जिम्मेदारी दी जा सकेगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों-कर्मियों से करवाया ड्रिल

**रिजर्व पुलिस लाइन्स सहित जिले के सभी थानों में करायी गयी परेड**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक शुक्रवार परेड किया गया। जिसका निरीक्षण पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार करते हुए परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने एवं जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के निर्देशित किया। वहीं जिले के सभी थानों पर शुक्रवार को परेड करायी गई और शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई और परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल करायी। उन्होंने परेड के उपरांत जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। तत्पश्चात एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार को परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। इस दौरान परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद-लाइन अंशुमान मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन्स का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी।

# नियम तोड़ने वालों से भरवाया 89,500 रुपये जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वालों से 89 हजार 500 रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 105 वाहनों के चालकों से 89 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# तीन के खिलाफ दुर्घटना का केस

महुली। महुली थाना क्षेत्र के झिंगुरापार में एक पखवाड़ा पूर्व बाइक की चपेट में आकर घायल व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ लापरवाही, तीव्र गति और दुर्घटना की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

प्रतिवादी बगल गांव शेरपुर के रहने वाले हैं। तहरीर में झिंगुरापार निवासी राम बुझ ने बताया कि दो नवम्बर को वह अपने चौराहे से घर जा रहा था। इसी दौरान शेरपुर निवासी बाइक सवार लालदेव, फूलदेव व फूल चन्द्र ने बाइक से ठोकर मारकर घायल कर दिया।

# पिता पुत्रों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मारपीट के मामले में पिता पुत्रों पर केस दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मंझरिया गंगा देवरिया गंगा निवासी किशुन ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि दिनांक 16 नवंबर को शाम 7:30 बजे बिना कारण के छोटे भाई रामचंदर गाली देते हुए धक्का देकर गिरा दिया।

पत्नी बचाने आई तो उसे भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इससे उसे चोट लग गई। इसके बाद लाठी व डंडा से भी काफी मरापीटा। पीड़ित के अनुसार वह हार्ट का पेशेंट है और उसे ऑपरेशन के बाद पेस मेकर लगा हुआ है। वहां पर चोट लगने से काफी दर्द हो रहा है। रामचंदर व उसके लड़के सुनील व संजय काफी मनबढ़ किस्म के हैं।

# जालसाजों का जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज ने किया निरस्त

- मामला जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम देवापार का है
- जालसाजों ने महिला से अंगूठा लगवाकर खाते से रुपये हड़पे

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जालसाजी करके रुपया हड़पने वाले तीन आरोपियों का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी कुलदीप कुमार, अंकित कुमार एवं राघवेन्द्र पर कोरोना का टीका लगाने के नाम पर गुमराह करके दो महिलाओं से अंगूठा लगवाकर खाते से रुपया हड़प लेने का आरोप लगाया गया है।

मामला जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के ग्राम देवापार का है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में ग्राम देवापार की निवासिनी जासमती देवी ने अभियोग पंजीकृत कराया है। वादिनी का आरोप है कि एक नवम्बर 2022 को शाम पांच बजे तीन लोग आए और कहे कि हम लोग कोरोना टीका की जांच करते हैं। जांच के नाम पर आधार कार्ड और श्रम कार्ड लेकर नाम पता नोट किए। उनके पास बैठी शकुन्तला देवी के विषय में भी जानकारी लिए और सादे कागज पर अंगूठा लगवा चले गए। मोबाइल पर मैसेज आया तो खाते से 30 हजार रुपए और शकुन्तला के खाते से 10 हजार निकाल लिया।

# अपहरण के वांछित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अपहरण के वांछित को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्णदेव सिंह के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त अखिलेश्वर उर्फ अनिल निवासी ग्राम महुआपार थाना महुली को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

थाना धनघटा पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए दिनांक 18 नवंबर को अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए चिकित्सा परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजकर उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर उसका निरीक्षण किया।

परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया गया। परेड के निरीक्षण के बाद एसपी ने जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम, परिवहन शाखा आदि की चेकिंग किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर परेड कराया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगाया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद व लाइन अंशुमान मिश्र, रजनीकान्त ओझा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस की सक्रियता से व्यापारी का गिरा 31 हजार मिला

मेंहदावल। मेंहदावल कस्बे में सिघाड़ा के व्यापार को लेकर आए मोतीनगर, खलीलाबाद के व्यवसाई चंदन का शुक्रवार को एक पालीथीन में रखा 31 हजार रुपये कहीं गिर गया। चंदन वसूली करके वापस खलीलाबाद लौटने वाला था। खोजबीन करने के बाद पैसा न मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर कांस्टेबल रत्नेश सिंह तथा अखिलेश पाण्डेय ने तत्काल खोजबीन शुरू की। एक बच्चे स्वामीनाथ निवासी सानीकेवटलिया के हाथ में काला पालीथीन देखा तो पूछताछ किया। घर वालों ने बताया कि यह पैसा उनका नहीं है। पुलिस ने सिंघाड़ा व्यापारी से पूछताछ के बाद पैसा सुपुर्द कर दिया।

# स्टार लगा एसपी ने सीओ को दी बधाई

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सोनम कुमार ने पुलिस कार्यालय पर प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर के व्यहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें स्टार लगाकर अलंकृत किया। एसपी ने बताया कि व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अब उन्हें किसी भी सर्किल में क्षेत्राधिकारी के पद की जिम्मेदारी दी जा सकेगी। जो कानून व्यवस्था को संभालने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। पुलिस कार्यालय में मौजूद लोगों ने सीओ के व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बधाई दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सगे भाई समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

महुली। महुली थाना क्षेत्र के महुली कस्बा के रहने वाले व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, सामान क्षतिग्रस्त करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में महुली निवासी सुधीर कुमार गौड़ पुत्र राम नयन ने बताया कि 17 नवम्बर की रात करीब आठ बजे वह जरूरी काम से नटवा गांव गया हुआ था। वापस घर लौटने पर गांव के राम भरत अपने अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचा। बेवजह गाली देने लगा। जब एतराज किया तो उक्त लोगों ने उसको दौड़ाकर- दौड़ाकर मारापीटा, गाली गलौज, जानमाल धमकी दी गई। सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस तहरीर के आधार पर राम भरत यादव, अरविंद यादव पुत्रगण राम सुरेश निवासी नटवा व जितेंद्र यादव पुत्र राम तिलक निवासी भैसहिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तारकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी किया। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त विजय कुम्मार पुत्र रामानन्द निवासी मौलिहवा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़िता के पिता ने गिठनी निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़, जानमाल धमकी, गाली गलौज, पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर में बताया कि गुरुवार को उसकी नाबालिक बेटी स्कूल जा रही थी।

इसी दौरान रास्ते में गिठनी निवासी शिव नामक युवक ने छेड़छाड़ किया। एतराज करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी युवक शिव पुत्र राम हरख के खिलाफ छेड़छाड़, गाली गलौज व पास्को एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

# सीसीटीएनएस में जनपद पुलिस जोन में प्रथम

जासं, संतकबीर नगर : क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में जिले की पुलिस को जोन में पहला तथा प्रदेश में 13वां स्थान प्राप्त हुआ है। सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने यह सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि जिला समन्वयक अहमद रजा के प्रयास से तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ द्वारा जारी सीसीटीएनएस पोर्टल के माह अक्टूबर के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में संत कबीर नगर को जोन में प्रथम एवं प्रदेश में 13वां रैंक प्राप्त हुआ है। सीसीटीएस के परफार्मेंस के संबंध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। इसकी मानिटरिंग केंद्रीय स्तर पर की जाती है।

# घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में चल रही पीआरवी टीम को सूचना मिली कि बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण जिले के सरैया गांव का निवासी रंजीत घायल हो गया है। इस बात की जानकारी मिलते ही पीआरवी टीम के आरक्षी राजकिशोर तुरंत मौके पर पहुंचे तथा घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचवाया। (जासं)

# बालिका को भगाने वाला आरोपित दबोचा गया

संतकबीर नगर : धनघटा थाने की पुलिस ने बालिका को भगाने के मामले में वांछित आरोपित अखिलेश्वर उर्फ अनिल पाठक को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बालिका को भी बरामद कर लिया गया।

# 31 हजार लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

- सब्जी व्यापारी का गायब हुआ था पैसा, रास्ते में गिरा मिला था
- हर तरफ हो रही बच्चे की चर्चा, पुलिस के साथ लोगों ने दी शाबासी

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : छह वर्षीय स्वामीनाथ ने एक सब्जी व्यापारी का गायब हुआ 31 हजार रुपये लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। लोग बच्चे को शाबासी दे रहे हैं और उसकी ईमानदारी की चर्चा कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुर के चंदन मेंहदावल में सिंघाड़ा का व्यापार करते हैं। वह शुक्रवार को सिंघाड़ा बेचने के बाद 31 हजार रुपए पालिथीन में रखे थे। इसी दौरान उनका पैसा गुम हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पैसा नहीं मिला। बाद में उन्होंने मेंहदावल पुलिस की शरण ली। पुलिस सक्रिय हुई और खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान मेंहदावल थाना क्षेत्र के सोनी केवटलिया के गोरे का छह वर्षीय पुत्र स्वामीनाथ स्वजन के साथ मेंहदावल थाने पर पहुंचा। उसने पालिथीन में रखे हुए 31 हजार रुपये पुलिस को लौटाए। बच्चे के द्वारा पूरी रकम लौटाते देखकर पुलिसकर्मी भी हैरत में पड़ गए। स्वामीनाथ व उसकी मां गुड़िया देवी ने बताया कि




सिंघाड़ा व्यापारी को मेंहदावल थाना परिसर में पैसे लौटाता मासूम स्वामीनाथ • जागरण

यह पैसा हमारा नहीं है। कुछ समय पूर्व बच्चे को रास्ते में गिरा मिला था। बच्चे और उसकी मां की ईमानदारी देखकर हर कोई हतप्रभ है। सभी लोग दिल से उसकी सराहना कर रहे हैं। स्वामीनाथ अभी कुछ समय पूर्व ही विद्यालय जाना शुरु किया है। उसके बाद भी उसके अच्छे संस्कार देखकर उसके उज्जवल भविष्य की हर कोई सराहना कर रहा है। पुलिस ने तस्दीक करके सिंघाड़ा कारोबारी चंदन को पैसे लौटा दिए। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे की ईमानदारी ने दिल को छू लिया। गरीब होते हुए भी उसने पैसा वापस लौटा दिया।

# 89 हजार शमन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 105 वाहनों से 89,500 रुपये शमन शुल्क वसूले । (जासं)

# व्यापारी व पुलिस ने की बैठक

संतकबीर नगर : मेंहदावल थाने में व्यापारियों के साथ प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बैठक की। इस दौरान सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे लगवाने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही छोटी-बड़ी किसी भी घटना के घटित होने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने का अनुरोध किया गया। (जासं)

# दबिश के दौरान वारंटी गिरफ्तार

संतकबीर नगर : एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान महुली थाने की पुलिस ने वारंटी को धर दबोचा तथा उसे न्यायालय भेज दिया।

## दो सगी बहनों समेत चार पर मुकदमा

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के अलीनगर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो सगी बहनों समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

अलीनगर गांव निवासी विनीता पत्नी राजेश का आरोप है कि बुधवार रात पुरानी रंजिश को लेकर अखिलेश यादव के घर की महिलाएं उसे अपशब्द कर रही थीं। विरोध करने पर अखिलेश, नितेश, रीना, रीता ने उसे मारापीटा। लोगों के बीच-बचाव करने पर छोड़ा। इस दौरान जानमाल की धमकी देते हुए दुकान का सामना तोड़ दिया। एसअने बताया कि अखिलेश, नितेश, रीना, रीता पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## दो सगे भाई समेत तीन पर केस

**धनघटा।** पुलिस ने महुली निवासी दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों पर मारपीट, तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया। महुली कस्बा निवासी सुधीर कुमार गौड़ का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर राम भरत, अरविंद व भैसहिया गांव निवासी जितेंद्र मंगलवार रात आठ बजे उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# चिता मोबाइल टीम की सतर्कता से मिले 31 हजार

मेंहदावल। खलीलाबाद के सिंघाड़ा व्यवापारी का 31 हजार रुपये मेंहदावल कस्बे के अंजहिया बाजार से उस समय गायब हो गया जब पॉलिथीन में रुपये रखकर वह एक जगह बैठकर बात करने लगे। इसकी सूचना पीड़ित ने थाना मेंहदावल को दी। चिता मोबाइल के टीम की सतर्कता से खोया हुआ रुपया व्यवसायी को मिल गया।

चंदन ग्राम मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद ने मेंहदावल पुलिस को सूचना दी कि कस्बा मेंहदाबल में आकर पूर्व में विक्रय किया गया सिंघाड़ा का 31 हजार रुपये पॉलिथीन में रखा था।

प्रभारी निरीक्षक ने चिता मोबाइल टीम के कांस्टेबल अखिलेश पांडेय व रत्नेश सिंह को गायब रुपये के बरामदगी के निर्देश दिए। चिता मोबाइल की टीम कस्बे के अंजहिया बाजार आदि स्थानों पर पहुंचकर मामले की छानबीन में लग गई। पता चला कि स्वामीनाथ पुत्र गोरे निवासी केवटलियासानी का छह वर्षीय पुत्र काली पॉलिथीन ले गया है। संवाद

# अपहृत किशोरी मुक्त, आरोपी धराया

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को अपहृत किशोरी के साथ आरोपी को पकड़ लिया। एसओ केडी सिंह ने बताया कि आरोपी बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। इस मामले में पीड़ित पिता ने आरोपी पर अपहरण का केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर किशोरी के साथ आरोपी को पकड़ा गया। संवाद

# तीन जालसाजों की जमानत अर्जी निरस्त

## जांच के नाम पर दो महिलाओं के खाते से निकाल लिए थे 30 हजार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला एवं ,सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने कोरोनारोधी टीका लगाने के नाम पर अंगूठा लगवा कर धोखाधड़ी कर खाते से रकम निकालने वाले तीन जालसाजों की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा क्षेत्र के देवापार निवासी जासमति देवी ने थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि एक नवंबर की शाम उनके घर कार से कुछ लोग आए और बताया कि वे कोरोनारोधी का टीका लगाने की जांच करते हैं। श्रम व आधार कार्ड लाने को कहा। जब आधार कार्ड लेकर गई तो नाम पता पूछकर डायरी में नोट कर

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने खारिज की जमानत अर्जी**

अंगूठा लगवा लिया। उनके पास बैठी शकुंतला से भी पूरा जानकारी ली और सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया।

जब वह लोग चले गए तो कुछ समय बाद मोबाइल फोन पर मैसेज आया कि उनके खाते से 20,000 तथा शकुंतला के खाते से 10,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। मामले में दुधारा • थाना में मुकदमा पंजीकृत हुआ।

एसओ अनिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुलदीप कुमार, अंकित कुमार, राघवेंद्र सोनकर निवासी कानपुर को पकड़ा। पकड़े गए लोगों के पास से मोबाइल फोन, ग्लूकोमीटर, बायोमेट्रिक डिवाइस, माइक डिवाइस, चार्जर चार्जिंग डाटा केबल, आधार कार्ड, प्रेस कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हेल्थ कार्ड आदि मिले। आरोपियों ने जमानत के लिए अर्जी कोर्ट में प्रस्तुत की गई।

जिला शासकीय अधिवक्ता ने विरोध करते हुए तर्क दिया कि ग्रामीणों को विश्वास में लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर ग्रामीणों से अंगूठा निशानी व आधार कार्ड लेकर उनका रकम मोबाइल बैंकिंग से निकाल कर हड़प लिए।

सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश हरीश त्रिपाठी ने तीनों आरोपियों की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# छात्रा से छेड़खानी करने के आरोपी पर केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही छात्रा से रास्ते में छेड़खानी करने और विरोध करने पर जानमाल की धमकी देने के आरोपी पर पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री बृहस्पतिवार दोपहर बाद स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते में गांव का ही आरोपी युवक उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा।

विरोध करने पर युवक पुत्री को जान से मारने की धमकी देने लगा। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी युवक पर छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# एसपी ने प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सीओ को पहनाया स्टार


संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को सीओ लाइंस दीपांशी राठौर का व्यावहारिक प्रशिक्षण पूरा होने पर स्टार लगाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

एसपी ने बताया कि सीओ दीपांशी राठौर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं।

प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। अब उन्हें किसी भी सर्किल में सीओ के पद पर जिम्मेदारी दी जा सकेगी।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, पीआरओ जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



कार्यालय में प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर को स्टार लगाते एसपी सोनम कुमार। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022



शुक्रवार को धानेपुर थाने में निरीक्षण करते एसपी आकाश तोमर। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

धानेपुर। एसपी आकाश तोमर ने शुक्रवार की देर शाम धानेपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर नाराजगी जताई। मातहत पुलिस कर्मियों को सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सबसे पहले थाना परिसर का जायजा लिया। इसके बाद आईजीआरएस कक्ष,सीसीटीएनएस कक्ष , महिला हेल्प डेस्क,बैरक, थाना कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष बीएन सिंह,एसपी पीआरओ व अन्य थाने के पुलिसकर्मी रहे।

# छात्र को पीटा, पांच पर मुकदमा दर्ज

मनकापुर, संवाददाता। स्कूली छात्र की पांच दबंगों ने मिलकर बेरहमी से पिटाई कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज किया है।

ज्ञानीपुर रामप्रसाद मजरा थान पुरवा निवासी मायाराम वर्मा पुत्र स्व राम निवास वर्मा ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उनका बेटा अंकित वर्मा आईटीआई परिसर संचार विहार में स्थित सेंट माईकल कान्वेंट स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। रोज की भांति बुधवार को भी विद्यालय पढ़ने गया था। वहां उनके पुत्र अंकित व छात्र तन्मय सिंह में मामूली कहा सुनी हो गई थी। इस मामले में विद्यालय प्राचार्य द्वारा दोनों बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर सुलह - समझौता भी करवा दिया गया था। जिसमें तय हो गया कि अब दोनों बच्चे झगड़ा नही करेंगे। लेकिन स्कूल छूटने के बाद तन्मय सिंह निवासी पचपुती जगतापुर अपने चार अन्य बाहरी साथियों अभी सिंह उर्फ धुनमुन निवासी वीरपुर, करन बाबा निवासी अशरफपुर, उत्कर्ष सिंह व शंशाक त्रिपाठी निवासी गण कस्बा ने उनके पुत्र अंकित के साथ अभद्रता किये तथा जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से सिर पर हमला कर उसको घायल कर दिया जिससे वह मौके पर बेहोश होकर गिर गया। उसके बाद उसे बेरहमी से मारते रहे। विद्यालय के स्टाफ द्वारा बीच-बचाव करने पर बेटे की जान बच सकी है। जिससे उसके शरीर मे भी गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंच कर उसे अस्पताल लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उपरोक्त विपक्षीगण पूर्व में भी केंद्रीय विद्यालय के एक छात्र के साथ आपराधिक वारदात कर चुके हैं।

कोतवाल मनोज कुमार राय ने कहा की पांच युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

# धानेपुर पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा

धानेपुर। धानेपुर पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि अपहरण के एक मामले में आरोपी स्वामीनाथ के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया।

# पुत्री की हत्या में मां को सात वर्ष की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने दुधमुंही बच्ची के गैर इरादतन हत्या के जुर्म में मां को सात वर्ष की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक के अनुसार थाना इटियाथोक अंतर्गत ग्राम सिंघारी पूरे माफी पुरवा निवासी मनोज कुमार ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी रेखा अकारण अपने दस माह की दुधमुंही बच्ची को लेकर तालाब में कूद गई जिससे उसके बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद मां को सजा सुनाई।

# नशे के सौदागर को दो वर्ष की सजा सुनाई

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव ने नशे के सौदागर को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक के अनुसार प्रकरण कोतवाली नगर अंतर्गत के अंतर्गत रानी बाजार बड़गांव निवासी शिवम साहू के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने ओवरब्रिज पुल के नीचे सड़क के किनारे एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से नशे की पुड़िया बरामद हुई। पुलिस ने मद्द निषेध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोषी करार देते हुए आरोपी को दो वर्ष की सजा' व चालीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दो माह की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# जिन्न का डर दिखा तांत्रिक ने किया रेप

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ा

- बेटी को घर बुलाकर अश्लील हरकत करता था आरोपी तांत्रिक
- बेटे को भी हाथ बांधकर फांसी पर लटका देने का लगाया आरोप

गोण्डा, संवाददाता। अनुसूचित जाति की महिला को जिन्न का डर दिखाकर एक तांत्रिक जबरदस्ती घर में आने-जाने लगा। इसके बाद जबरन शारीरिक संबंध बनाए। यही नहीं महिला की नाबालिग बेटी को भी खाना बनाने घर में बुलाकर अश्लील हरकत की। पीड़िता ने बेटे को भी फांसी पर लटकाकर मार डालने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। शहर के एक कालोनी की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके घर के सामने रहने वाले जैनुल आब्दीन पुत्र अली बख्श उर्फ मौलवी बाबा अपने घर के अंदर मजार बनाकर रहते हैं।

झाड़-फूंक के नाम पर वह घर में जिन्न की हाजिरी लगाने बहाने आने-जाने लगे। इसके बाद जिन्न का डर दिखाकर शारीरिक संबंध बनाया। उसने यह भी आरोप लगाया कि तांत्रिक उसकी बेटी (14) को भी खाना बनाने के लिए घर में बुलाता था और उसके साथ अश्लील हरकत करता था। बेटी से अश्लील हरकत करते उसके बेटे ने देख लिया जिससे नाराज होकर तांत्रिक ने 12 नवम्बर को उसके बेटे का हाथ बांधकर फांसी पर लटका दिया, अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। गुरुवार को भी तांत्रिक घर में घुस आया और जबरदस्ती करने की कोशिश की।

तहरीर पर पुलिस ने रेप, पाक्सो एक्ट व गैर इरादतन हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### तांत्रिक गिरफ्तार, की जा रही कार्रवाई : सीओ

सीओ लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि रेप के आरोपी बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं महिला के अन्य आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# बेटी की हत्या में मां को सात वर्ष का कारावास

जासं, गोंडा : प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने बेटी की गैर इरादतन हत्या में मां रेखा निवासिनी माफीपुरवा सिधारी थाना इटियाथोक को सात वर्ष के सश्रम कारवास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक ने बताया कि सात मार्च 2013 को मनोज कुमार उर्फ सन्नू ने तहरीर देकर कहा कि पत्नी रेखा अपने गोद में दस माह की बेटी को लेकर तालाब में कूद गई। इसमें उसकी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

दोनों पक्षो को सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध करते हुए आरोपिता को सजा सुनाई।

# आत्महत्या के प्रयास में युवक हिरासत में

**इटियाथोक (गोंडा)।** आत्महत्या के प्रयास के चलते पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की शाम ग्राम तेलियानी कानूनगो निवासी भोलानाथ गांव में ही अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। तभी ग्रामवासियों ने यूपी 112 को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। (संवाद)

# मारपीट में पांच पर केस

**उमरीबेगमगंज (गोंडा)।** धमरैया रामदीनपुरवा निवासी महाराजदीन शुक्ला ने तहरीर दी है। कहा कि खेत की जुताई ट्रैक्टर से कर रहा था। तभी श्रवण, रविंद्र कुमार उर्फ जौजे शुक्ला, गया प्रसाद, मनोज शुक्ला व चंदन ने मारापीटा। (संवाद)

# फोन करने पर घर छोड़ने जाएगी पुलिस

बेलसर (गोंडा)। थाना तरबगंज क्षेत्र के रगड़गंज चौकी पर थाना प्रभारी मनोज पाठक की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों ने सुरक्षा सहित कई मुद्दे उठाए।

शुक्रवार को रगड़गंज चौकी पर व्यापारियों ने कहा कि वह लोग बैंक में पैसे जमा करने जाते हैं तो कभी-कभी नेटवर्क न होने से पैसा वापस कर दिया जाता है। पैसे की जानकारी सार्वजनिक होने पर घर ले जाने में असुरक्षा की भावना बनी है।

थाना प्रभारी ने कहा कि अधिक पैसा है तो पुलिस को फोन करें। पुलिस घर तक साथ जाएगी। कुछ व्यापारियों ने बाजार में जाम लगा रहने का मुद्दा उठाया। (संवाद)

# आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को करें चिह्नित



तरबगंज (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर गुरुवार रात अचानक थाना तरबगंज पहुंचकर निरीक्षण किया और प्रभारी निरीक्षक को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय, परिसर, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, कार्यालय व भोजनालय का निरीक्षण किया। एसपी ने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर समेत विभिन्न फाइलों को देखा। खामियों पर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक को सुधार करने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। निकाय चुनाव को लेकर एसपी ने कहा कि आपराधिक व उपद्रवी प्रवृत्ति के लोगों को चिह्नित कर उन्हें पाबंद करें। (संवाद)

# अपहरण के आरोपी को जमानत नहीं

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नासिर अहमद ने परसपुर थाना क्षेत्र में अपहरण कर भूमि का फर्जी बैनामा कराने के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मन मोहन मिश्र ने बताया कि पवन कुमार ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पिता की दिमागी हालत ठीक नहीं है। राम भगत निवासी लोहांगपुर थाना परसपुर ने उन्हें ले जाकर फर्जी बैनामा करा लिया। 28 जनवरी 2022 को उसके पिता घर से निकले थे, लेकिन पता नहीं चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश ने आरोपी राम भगत की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# नशीला पाउडर रखने में दो साल की सजा

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने नशीला पाउडर रखने के दोषी को दो साल सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने दो फरवरी 2022 को शिवम् साहू निवासी रानी बाजार कोतवाली नगर को अल्प्रासेफ टैबलेट को पीस कर बनाए 70 ग्राम नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया था। विचारण के दौरान कोर्ट ने अपराध साबित होने पर अभियुक्त शिवम् साहू को दोषसिद्ध किया। शुक्रवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त शिवम् साहू को अवैध रुप से नशीला पाउडर रखने के अपराध में दो साल का सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्रॉली व जेसीबी सीज

**मोतीगंज (गोंडा)।** बेसहूपुर कोटिया गांव के पास गुरुवार देरशाम खनन कर रही जेसीबी समेत दो ट्रैक्टर ट्रॉली खनन अधिकारी ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रबोध कुमार ने बताया कि बेसहूपुर कोटिया गांव के समीप जेसीबी से मिट्टी खनन कर रही थीं। एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह ने गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय लेखपाल वीरेंद्र कुमार व खनन विभाग के कर्मचारियों को भेजा तो वहां देखा कि अवैध खनन हो रहा है। बताया कि मिट्टी लदी दो ट्रैक्टर ट्रॉली व एक जेसीबी मौके पर पकड़ी गई है। जिसे थाने लाकर सीज कर दिया गया है। (संवाद)

# गैरइरादतन हत्या में मां को सात साल की सजा

गोंडा। अबोध बालिका की गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी मां को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि वादी मनोज कुमार उर्फ सन्नू निवासी ग्राम पूरे सिधारी माफीपुरवा इटियाथोक ने तहरीर देकर कहा कि 7 मार्च 2013 को रात नौ बजे उसकी पत्नी रेखा 10 माह की बेटी को गोद में लेकर तालाब में कूद गई, जिससे बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की लाश तालाब के किनारे मिली।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और आरोपी मां रेखा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी रेखा के विरुद्ध अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया। निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी रेखा को सात साल सश्रम कारावास से दंडित किया। (संवाद)

# महिला से दुष्कर्म, विरोध करने पर बेटे के हाथ बांध फांसी पर लटकाया

## मौलवी ने जिन्न भगाने का झांसा देकर की घिनौनी करतूत, नाबालिग बेटी से भी दुष्कर्म की कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** शहर की एक कॉलोनी में जिन्न भगाने के लिए झाड़फूंक का झांसा देकर एक मौलवी कई माह तक महिला से दुष्कर्म करता रहा। महिला की नाबालिग बेटी से भी मौलवी ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया।

महिला के बेटे ने मौलवी के घर आने का विरोध शुरू कर दिया। इस पर मौलवी ने महिला के बेटे के दोनों हाथ बांधकर उसे फंदे से लटका दिया। घरवाले उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार शाम आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली 38 साल की महिला को उसके घर के पास रहने वाले मौलवी मोहम्मद जैनुल आबदीन ने जिन्न से निजात दिलाने का झांसा दिया। वह झाड़फूंक के बहाने महिला के घर जाने लगा। आरोप है कि मौलवी कई महीने से महिला के साथ दुष्कर्म कर रहा था। महिला की 14 साल की बेटी पर भी मौलवी की नजर थी।

वह महिला की बेटी को खाना बनाने के बहाने अपने घर ले जाने लगा। वहां उसने महिला की बेटी से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। इसकी जानकारी होने पर महिला के 16 साल के बेटे ने मौलवी का विरोध किया। उसने मौलवी को अपने घर आने से मना कर दिया। इससे नाराज मौलवी 12 नवंबर को महिला के घर पहुंचा और उसके बेटे के दोनों हाथ बांधकर उसे फंदे से लटकाकर भाग गया। इसकी जानकारी होने पर घरवाले आनन-फानन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जा रहे थे मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पीड़ित महिला ने सिविल लाइंस पुलिस चौकी पर शिकायत की तो पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मगर रिपोर्ट नहीं दर्ज की। इससे मौलवी के हौसले बुलंद हो गए और वह 17 नवंबर को फिर महिला के घर पहुंचा। विरोध पर जबरन भीतर घुसकर अभद्रता व मारपीट की। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने मौलवी को दबोच लिया और बांधकर लात-घूसों से जमकर पिटाई की। मगर वह किसी तरह भीड़ के चंगुल से निकलकर भाग गया।

### दुष्कर्म, गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दबोचा

" मौलवी की करतूत शर्मनाक है। शिकायत मिलते ही मामले में रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार शाम आरोपी मौलवी मोहम्मद जैनुल आबदीन को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

– **आकाश तोमर,** पुलिस अधीक्षक



**गोंडा में महिला से दुष्कर्म व उसके बेटे की हत्या के आरोपी मौलवी को पीटते लोग। -संवाद**

### लापरवाही की हद : पांच दिन बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित आशाराम बापू आश्रम में किशोरी की हत्या व कार में शव मिलने के मामले में एसपी व तत्कालीन नगर कोतवाल पंकज सिंह को चंद दिनों पहले ही हाईकोर्ट ने तलब किया था। इस मामले में लापरवाही पर तत्कालीन कोतवाल पंकज सिंह को सस्पेंड भी कर दिया गया। इसके बावजूद नगर कोतवाली पुलिस की लापरवाही नहीं कम हो रही है। हाल ये है कि महिला से दुष्कर्म, बेटे को फंदे से लटकाकर मार डालने व नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास जैसे गंभीर मामले में भी नगर कोतवाली पुलिस ने पांच दिन तक रिपोर्ट ही नहीं दर्ज की। मामले में एसपी से शिकायत के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मौलवी मोहम्मद जैनुल आबदीन के खिलाफ शुक्रवार को पीड़ित महिला की तहरीर पर दुष्कर्म, गैर इरादत हत्या समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 19-11-2022

# दहेज हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने दहेज हत्या की अभियुक्त पिपराग्रंट निवासिनी श्यामा पत्नी गयादीन को गिरफ्तार किया है। सीओ ने बताया कि श्यामा पर गत दिनों दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस तलाश में थी। शुक्रवार को उन्हें पकड़ लिया गया है।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। मातहतों को अनुशासित रहकर ड्यूटी करने की सीख दी। उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण भी किया। एसपी ने अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। 112 पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को रिस्पांस टाइम प्रभावी बनाने की सीख दी। जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैन्टीन, आरक्षी बैरक व भोजनालय आदि का निरीक्षण किया।

# वसूली के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना देहात पुलिस ने जबरिया वसूली करने के आरोपी बलुआ बलुई निवासी भोंदू उर्फ राम अनुज को गिरफ्तार किया है। नगर क्षेत्राधिकारी दर्वेश कुमार ने बताया कि भोंदू के खिलाफ भचकहिया निवासी एक व्यक्ति ने जबरन वसूली का केस दर्ज कराया था। उसकी गिरफ्तारी शुक्रवार को हुई है।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने पर चार पकड़े गए

बलरामपुर। सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले थाना देहात अन्तर्गत रंजीतपुर निवासी चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि रंजीतपुर निवासी सफाई कर्मी रामजी वर्मा गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। गांव के ही बूद्ध, प्रेम चन्द्र, ढुल्लुर व राजू ने उन्हें मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। दवा का छिड़काव करने से रोक दिया।

# हत्यारोपित पत्नी को आजीवन कारावास

बलरामपुर। धारदार हथियार से पति की हत्या करने वाली महिला को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को दस हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा।

रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुर लोनियनडीह निवासी हंसराज ने प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया कि उनका भाई बैरिया सुर्जनपुर में लोहिया आवास बनाकर अपने परिवार के साथ रहता था। 13 सितम्बर 2019 की रात उसकी भाभी सरस्वती देवी ने धारदार हथियार से अपने पति की हत्या कर दी है। जिसका शव घर में पड़ा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी महिला को जेल भेजा।

विवेचना में साक्ष्यों को संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में भेजा।

विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि सरस्वती देवी ने अपने पति उदयभान को कुदाल से सिर व मुंह पर वार कर मारा था जिससे उसकी मौत हो गई। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन तिवारी ने घटना के समर्थन में मृतक के पुत्रों का बयान दर्ज कराया। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कम से कम सजा दिए जाने की बात कही।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश जहेन्द्र पाल सिंह ने सरस्वती देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# फरियादियों की शिकायतों की आज होगी सुनवाई

**संसू, बलरामपुर** : तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील सभागार में किया गया है। यहां पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के साथ फरियादियों की शिकायतें सुनेंगे और संबंधित विभाग के अधिकारी से उनकी समस्याओं का निस्तारण कराएंगे।

सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को समाधान दिवस में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। तुलसीपुर तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे और आने वाली शिकायतों की सुनवाई करके निस्तारण कराएंगे। उतरौला तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अभिलाष संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

## हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास

**संवाददसूत्र, बलरामपुर** : रेहराबाजार के जनकपुर लोनियनडीह गांव में चार साल पहले पति की धारदार हथियार से वार कर हत्या करने वाली सरस्वती को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम फास्ट ट्रैक जहेंद्र पाल सिंह ने कारावास के साथ 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी ने बताया कि बैरिया सुर्जनपुर के मजरे जनकपुर लोनियनडीह गांव निवासी उदयभान की 12 सितंबर 2018 की रात हत्या कर दी गई थी। उसकी पत्नी सरस्वती ने ही उसके गले पर धारदार हथियार से वार किए थे। उदयभान की मृत्यु के बाद उसका शव घर में बेड पर पड़ा था। चीख-पुकार सुनकर उसके बच्चे भी कमरे में पहुंच गए थे। बच्चों ने अपनी मां को पिता की हत्या करते हुए देखा, तो चाचा हंसराज को बताया। न्यायालय में सरस्वती ने अपनी सफाई में कहा कि उसका पति उसे मारना चाहता था। चार बार मारने का प्रयास किया, तो उसने अपने बचाव में कुदाल से पति के ऊपर प्रहार किया। गर्दन पर कुदाल लग जाने से उसकी मृत्यु हो गई। जबकि हंसराज का कहना था कि मृतक के बेटे साजन ने उसके घर आकर बताया कि सरस्वती ने उदयभान को मार डाला है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद साक्ष्यों के दृष्टिगत सरस्वती को दोषसिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 10 हजार रुपये का अर्थदंड न अदा करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सरस्वती जमानत पर बाहर थी। फैसला आते ही उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# एसपी ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। टोलीवार ड्रिल कराई गई। यूपी डायल 112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को प्रभावी बनाए जाने का निर्देश दिया। सीओ लाइन कुंवर प्रभात सिंह व प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल गौतम मौजूद रहे। (संसू)

# विवेचनाओं का निस्तारण

**बलरामपुर** : तुलसीपुर सर्किल के विवेचकों के साथ बैठक की गई। क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने विवेचकों को समय से विवेचनाओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। विवेचनाएं लंबित होने से आरोपितों को न्यायालय में सजा दिलाने में देरी हो रही है। इस दौरान नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया है। (संसू)

## वाहन चालकों को किया जागरूक

**बलरामपुर** : विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोतवाली जरवा में क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क व चौराहों पर सभी लोगों को पंपलेट बांटकर साइकिल, रिक्शा व ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया गया। (संसू)

## एक गिरफ्तार

**बलरामपुर** : सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस ने तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि गोकुला बुजुर्ग तकियवा निवासी रवि सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# नेपाल सीमा पर आवागमन बंद, चौकसी बढ़ी


**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** नेपाल में 20 नवंबर को होने वाले आम चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा सील करके आवागमन बंद कर दिया गया है। सीमावर्ती इलाकों में पुलिस व सुरक्षा बलों ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। अधिकारियों ने भी सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया है।

बृहस्पतिवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद नेपाल से जुड़ी सीमाओं को सील कर दिया गया है। यहां तैनात जवानों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में सिविल पुलिस को भी एसएसबी के जवानों के साथ गश्त करने को कहा गया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से सजग है। प्रत्येक मूवमेंट पर नजर है।

वहीं, बृहस्पतिवार रात एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने तुलसीपुर थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ अर्दली रूम का निरीक्षण किया। इसमें सुरक्षा प्रबंधों के साथ ही कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में सीओ कुंवर प्रभात सिंह मौजूद रहे।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का जायजा लिया। साथ ही पुलिसकर्मियों की टोलीवार ड्रिल कराई। यूपी-112 के पुलिसकर्मियों से सुरक्षा को लेकर जानकारी ली। बाद में एसपी ने पुलिस लाइन में आवास, बैरक व भोजनालय का भी निरीक्षण कर व्यवस्था परखी।



बलरामपुर में सील की गई नेपाल सीमा। संवाद

## 20 को नेपाल में चुनाव के मद्देनजर सीमा सील, सुरक्षा बलों ने शुरू की पेट्रोलिंग

# बच्चों की गवाही पर मां को उम्रकैद

## चार वर्ष पूर्व झगड़े में कुदाल मारकर की थी पति की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** चार वर्ष पूर्व हुई उदयभान की हत्या के मामले में बच्चों की गवाही पर शुक्रवार को एफटीसी प्रथम जेपी सिंह ने पत्नी को आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि रेहरा बाजार के जनकपुर लोनियनडीह गांव निवासी उदयभान की 12 सितंबर 2018 की रात हत्या कर दी गई थी। उदयभान की पत्नी सरस्वती देवी पर ही कुदाल से हमला करके हत्या करने का आरोप लगा था। मृतक के भाई हंसराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

प्रभारी निरीक्षक राजितराम ने प्रकरण की विवेचना करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर ऑपरेशन शिकंजा के तहत प्रकरण की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने की।

मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ने बताया कि सत्र परीक्षण के दौरान उदयभान के बच्चों की गवाही ने अहम भूमिका निभाई। जिसके आधार पर न्यायालय ने पति की हत्या के मामले में पत्नी सरस्वती देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ने बताया कि सरस्वती फोन पर किसी से बात करती थी। इसे लेकर पति उदयभान से आए दिन विवाद होता था। 12 सितंबर की रात भी उदयभान शराब पीकर घर आया और पत्नी से झगड़ा करने लगा।

## गैरइरादतन हत्या में मां को सात साल की सजा

**गोंडा।** अबोध बालिका की गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी मां को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि वादी मनोज कुमार उर्फ सन्नू निवासी ग्राम पूरे सिधारी माफीपुरवा इटियाथोक ने तहरीर देकर कहा कि 7 मार्च 2013 को रात नौ बजे उसकी पत्नी रेखा 10 माह की बेटी को गोद में लेकर तालाब में कूद गई, जिससे बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की लाश तालाब के किनारे मिली।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और आरोपी मां रेखा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी रेखा के विरुद्ध अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया। निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने आरोपी रेखा को सात साल सश्रम कारावास से दंडित किया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# भारत-नेपाल सीमा सील कामगारों की लगी भीड़

## चुनाव

**रुपईडीहा, संवाददाता।** नेपाल में प्रतिनिधि सभा व प्रदेश सभा के चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा को 20 नवंबर तक बंद कर दिया गया है। रुपईडीहा बार्डर पर नेपाली कामगारों की भीड़ लगी हुई है। दोनों देशों के बीच आवागमन पूरी तरह से ठप है।

चुनाव को लेकर भारतीय व नेपाली अधिकारियों के बीच 72 घंटे बार्डर बंद करने की सहमति बनी थी। 17 नवंबर की मध्यरात्रि से 20 नवंबर की मध्यरात्रि तक दोनों देशों के बीच आवागमन बंद कर दिया गया है। आवागमन बंद होने से बाहर से आने वाले नेपाली कामगारों रुपईडीहा बार्डर पर जमे हुए हैं। नेपाली थाना जमुनहा के प्रभारी माधव रिजाल ने बताया कि लोगों को जानकारी न होने के कारण ये लोग बार्डर पर आ गए हैं। बांके के डीएम सूर्य बहादुर खत्री ने बताया कि 16 नवंबर को विप्लव गुट के दो सदस्य चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए प्रेशर कुकर बम बना रहे थे। विस्फोट में दोनों घायल हुए। इसी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# श्रद्धा और निधि की हत्या से हिंदू संगठनों उबाल

बहराइच, संवाददाता। जिले में श्रद्धा व निधि गुप्ता के हत्या के विरोध में विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। संगठनों ने कहा कि लव जिहाद के जाल में हिंदु बेटियों को फंसाकर उनकी निर्मम हत्या हो रही है। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन संगठनों प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपकर हत्यारों को फांसी देने की मांग की है।

शहर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मार्च निकाला। दिल्ली में हुए श्रद्धा हत्याकाण्ड के हत्यारे आफताब की फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर फांसी देने व लव जिहाद पर सख्त कानून बनाने की मांग की। डॉ राम पारस सिंह ने कहा कि श्रद्धा के शरीर के 35 टुकड़े करने वाला अफताब मानव नहीं हो सकता है। ऐसे लोग हिंदू समाज को चुनौती दे रहे हैं। रामचरन ने कहा कि जब तक कार्रवाई नजीर नहीं बनेगी हिंदू की बेटियों की ऐसे जिहादी मानसिकता वाले हत्या करते रहेंगे। ह्रदय प्रसाद तिवारी,शुभम् जायसवाल ने सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय को ज्ञापन सौंपा। मिहींपुरवा नगर में हिंदू संगठनों ने दिल्ली में श्रद्धा, लखनऊ में निधि गुप्ता की हत्या को लेकर शांति मार्च निकाला।शिवराम शाह मंदिर परिसर से हिंदू संगठन के कार्यकर्ता हाथों में मोमबत्ती लेकर मृतकों के प्रति आस्था व्यक्त किया। इसके बाद हत्यारों को फांसी दो स्लोगन लिखी तख्ती लेकर पूरे नगर में भ्रमण कर लव जिहाद बंद हो, श्रद्धा व निधि गुप्ता के हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाए। विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जन सेवा समिति के कार्यकता शामिल रहे। शांति मार्च को लेकर पुलिस भी सतर्क रही। जुगल पोरवाल, हेमंत वर्मा, मनोज गौतम, ऋषिकांत श्रीवास्तव ,गोलू मद्धेशिया, प्रदीप गौड़, विनोद, जयप्रकाश मौर्य, अजीत राय मौजूद रहे।



मिहींपुरवा में मार्च निकालते संगठन के साथ पुलिस।

# मंदिर में चोरी करते दो लोगों को पकड़ा




रामगांव पुलिस हिरासत में चोरी के सामान के साथ पकड़े गए आरोपित ● जागरण

**संसू, गंभीरवाबाजार(बहराइच) :** रामगांव इलाके के सोहरवा में दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों मंदिर में चोरी कर रहे थे।

बहराइच-नानपारा हाईवे किनारे सोहरवा गांव के पास शिव मंदिर बना है। यहां देर रात दो लोग ई-रिक्शा से पहुंचे और मंदिर में चोरी करने लगे। आवाज सुनकर पुजारी स्वामीदयाल जाग गए और शोर मचाया। इस पर आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए और चोरों को घेरकर पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। एसओ ने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से एक देसी तमंचा, कारतूस, एक मोबाइल, चोरी की बैटरी आदि सामान बरामद हुआ। इनकी पहचान मुहल्ला मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ निवासी शाहरुख व कोठारपुरवा थाना खैरीघाट निवासी आबिद के रूप में हुई है। मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में चौकी इंचार्ज अमितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक जयहिंद विश्वकर्मा, कांस्टेबल विवेक सिंह व जयप्रकाश आदि शामिल रहे।

# तूल पकड़ रहा चिकित्सकों पर मुकदमा दर्ज कराने का मामला

**जासं, बहराइच :** नगर कोतवाली इलाके के हिंदुस्तान चाइल्ड हास्पिटल के प्रबंधक समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का मामला तूल पकड़ रहा है। शुक्रवार को चिकित्सकों ने कोतवाली पहुंचकर अस्पताल में तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

बहराइच बालरोग अकादमी के अध्यक्ष डा.केके वर्मा व सचिव डा.अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में चिकित्सक देर शाम नगर कोतवाली पहुंचे। चिकित्सकों ने डा.गयास समेत चार लोगों पर दर्ज किए गए मुकदमे की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि दरगाह निवासी आधा दर्जन से अधिक युवकों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। घटना की फुटेज Y है। चिकित्सक को लगातार जानमाल की धमकी दी जा रही है। पीड़ित चिकित्सक डा.गयास अहमद ने बताया कि जिस चार माह के बच्चे का अस्पताल लाया गया था उसकी हालत गंभीर थी। उसे एक निजी चिकित्सक को भी दिखाया गया था, लेकिन उन्होंने उसे भर्ती करने से मना कर दिया था। बच्चे की हालत गंभीर देख मानवीय दृष्टिकोण पर उसका इलाज कर बचाने का प्रयास किया गया। सुधार न होने पर 16 नवंबर को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया था। इससे नाराज परिवारजन व समर्थकों ने हास्पिटल में तोड़फोड़ कर हंगामा किया।



नगर कोतवाली में मौजूद चिकित्सक ● जागरण

# चुनाव के चलते भारत नेपाल सीमा बंद

**बहराइच।** आगामी 20 नवंबर को नेपाल में चुनाव होने हैं। इसे लेकर शुक्रवार को भारत-नेपाल सीमा को बंद कर दिया गया। अब तीन दिन तक सीमा बंद रहेगी। वहीं, शुक्रवार को सीमा बंद होने की जानकारी न होने की वजह से सुबह काफी भीड़ जुट गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर एसएसबी व पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। संवाद

# नौ सौ ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**नानपारा (बहराइच)।** थाना नानपारा में तैनात उपनिरीक्षक शंकर सहाय सिंह ने अपने हमराहियों के साथ ग्राम मथुरा नहर पुल के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देख उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया। अभियुक्त की पहचान गुड्डू निवासी चौखड़िया थाना देहात कोतवाली बहराइच के रूप में हुई। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-11-2022

# 70 लीटर शराब जब्त कर लहन नष्ट की

**श्रावस्ती।** आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उमाशंकर चौधरी व बलराम सिंह की टीम ने शुक्रवार को ककरा गांव में 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की। 240 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। इसी प्रकार मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नेपाल ककरदरी घाट से बांसगढ़ी निवासी रामजी को एक सफेद बोरी में 240 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। छह आरोपितों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# नियम उल्लंघन पर 75 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को एसपी अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देश पर पुलिस कई स्थानों पर वाहन चेंकिग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के पेपर, डीएल आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 75 वाहनों का यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। इन वाहनों का चालान कर वाहन स्वामियों पर एक लाख 37 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# यातायात नियमों के पालन से सड़क हादसे घटेंगे

श्रावस्ती, संवाददाता। सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर यातायात माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को यातायात के नियम बताकर उन्हें जागरूक किया गया।

इकौना थाना क्षेत्र के असईपुरवा स्थित राहुल स्मारक इण्टर कालेज में शुक्रवार को यातायात प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय की ओर से यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को यातायात नियमों, संकेतो की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को जागरूकता का पंपलेट बांटा गया। यातायात प्रभारी ने बच्चों से कहा कि सड़क पर चलने व वाहन चलाने के लिए यातायात के कुछ नियम हैं। लोग नियम का पालन नहीं करते तो आए दिन सड़क हादसे का शिकार होते हैं। जिसमें लोगों की जान भी चली जाती है। वाहन चलाते समय संकेतों व किस गति में वाहन चलाना चाहिए इसकी जानकारी जरूरी है। कहीं भी मुड़ते समय संकेत देने के साथ ही आगे जा रहे वाहन के संकेतिक लाइट को देखना जरूरी होता है। पैदल चलते समय हमेशा सड़क की पटरी का प्रयोग करना चाहिए।

## पुलिस लाइन में परेड का आयोजन, एसपी ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। इसके बाद एसपी ने डायल यूपी 112 के वाहनों का निरीक्षण किया तथा कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। एसपी की ओर से पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि का भ्रमण कर जायजा लिया गया। उन्होंने जिला भोजनालय पहुंचकर भोजन बना रहे कर्मचारियों से कुशल क्षेम जाना तथा भोजन की गुणवत्ता को चेक किया।

# ऑनलाइन फ्रॉड मामले तुरंत न्याय मिलेः डीएम

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त शाखाओं का भ्रमण कर सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मिली खामियों को सुधारने को निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य शुक्रवार को पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कार्यालय प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, आगन्तुक हेल्प डेस्क आदि का भ्रमण कर जायजा लिया। आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण में पुलिस कर्मचारियों के काम के बारे जानकारी ली गई। सीसीटीएनएस शाखा को सीसीटीएनएस प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने व समय-समय पर कार्यशाला आयोजित कराने, विधिक शाखा को न्यायालय से प्राप्त रिटों में समय से आख्याएं दाखिल कराने, साइबर सेल को ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित शिकायतों में पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखने व एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समय से निस्तारण को निर्देशित किया।

## पुलिस लाइन में परेड का आयोजन, एसपी ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। इसके बाद एसपी ने डायल यूपी 112 के वाहनों का निरीक्षण किया तथा कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। एसपी की ओर से पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि का भ्रमण कर जायजा लिया गया। उन्होंने जिला भोजनालय पहुंचकर भोजन बना रहे कर्मचारियों से कुशल क्षेम जाना तथा भोजन की गुणवत्ता को चेक किया।

# नेपाल में हो रहे चुनाव, दोनों देश के सुरक्षा बल कर रहे निगरानी

- दोनों देशो के सुरक्षा बलों ने बढ़ाई गश्त
- कल होगा प्रदेश सभा सदस्य का चुनाव

जमुनहा, संवाददता। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाले चुनाव को देखते हुए भारत नेपाल की सीमा सील कर दी गई। दोनों देशो के सुरक्षा बल ने संयुक्त गश्त तेज कर दी।

पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में 20 नवंबर को प्रतिनिधि व प्रदेश सभा सदस्य का चुनाव होना है। इसके लिए गुरुवार रात 12 बजे से भारत नेपाल सीमा सील कर दी गई। सीमा रविवार रात 12 बजे तक सील रहेगी। चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत की सशस्त्र सीमा बल(एसएसबी) व नेपाल सशस्त्र प्रहरी के जवानों की ओर से संयुक्त रूप से सरहद पर कड़ी निगरानी करते हुए गश्त तेज कर दी। एसएसबी की जी कम्पनी ककरदरी के उपनिरीक्षक शेषराम, हेड कांस्टेबल रमेश, कांस्टेबल कृष्णा साहू, महिला कांस्टेबल शिविनी, दामिनी व नेपाल के सशस्त्र प्रहरी के कमल विक्रम, नारायन थापा, मन बहादुर, दिनेश केसी सहित अन्य जवान संयुक्त गश्ती टीम ने गश्त तेज कर दी है।

# भय से रोज 50 बदमाश कर रहे सरेंडर

## बलरामपुर के 56, गोण्डा के 586 और बहराइच-श्रावस्ती के 6093 बदमाशों ने किया समर्पण

**शिकंजा**

**गोरखपुर, संवाददाता।** एनकाउंटर के खौफ से गोरखपुर जोन में रोज औसतन 50 बदमाश सरेंडर कर रहे हैं। इस साल बीते दस महीने में जोन में 14,552 बदमाश सरेंडर कर चुके हैं। खाकी का सर्वाधिक खौफ बहराइच और गोरखपुर में है। बहराइच 6027 बदमाशों ने सरेंडर किया जबकि गिरफ्तारी 3082 बदमाशों की ही हुई। वहीं गोरखपुर में 5195 बदमाशों ने कोर्ट में सरेंडर किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अपराध और अपराधियों पर लगाम के लिए सख्त निर्देश है। इसी निर्देश पर पुलिस काम कर रही है। मुकदमा दर्ज होने के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी को पुलिस टार्गेट बना रही है। दूसरी तरफ पुलिस की छापेमारी शुरू होने के साथ ही बदमाशों को एनकाउंटर का खौफ सताने लग रहा है। जिन्हें लग रहा है एनकाउंटर नहीं होगा उन्हें बाबा का बुल्डोजर डरा रहा है। घर पर बुल्डोजर चलवाने या फिर पुलिस द्वारा कुर्की कर सम्पत्ति जब्त किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही बदमाश कोर्ट में सरेंडर जेल में आमद करा रहे हैं।

### बहराइच में गिरफ्तारी से दोगुने बदमाशों का सरेंडर

गोरखपुर जोन के बहराइच जिले में पुलिस ने जितने बदमाशों को गिरफ्तार किया है उसकी अपेक्षा दोगुने बदमाशों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। यानी पुलिस को उनके पीछे बहुत भागना नहीं पड़ा वह खुद कार्रवाई के डर से जेल चले गए। आंकड़ों के मुताबिक यहां की पुलिस को पिछले दस महीने में 9127 बदमाशों को पकड़ना था। इनमें बहराइच पुलिस ने 3082 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा तो वहीं 6027 ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**मुठभेड़ में 12 बदमाशों को लग चुकी है गोली, एक की मौत:** सीएम सिटी की पुलिस ने योगी सरकार के पहले कार्यकाल के पांच साल में एनकाउंटर में जहां 17 बदमाशों को घायल किया था और तीन मारे गए थे वहीं इस बार बीते सात महीने में 12 बदमाशों का एनकाउंटर हो चुका है। सभी के पैर में गोली लगी और इनमें ज्यादातर जेल में हैं। वहीं बीते वर्ष 19 एनकाउंटर में जहां 34 पुलिसवाले घायल हुए थे वहीं इस साल 10 बदमाशों के एनकाउंटर में तीन पुलिसवालों को हल्की चोट आई है मतलब निशाना अचूक होने के साथ ही पुलिस ने खुद का बचाव भी बेहतर ढंग से किया है।

### इतने बदमाशों ने किया सरेंडर

| | |
|---|---|
| देवरिया | 619 |
| गोरखपुर | 5195 |
| कुशीनगर | 1051 |
| महराजगंज | 12 |
| बस्ती | 69 |
| संतकबीरनगर | 58 |
| सिद्धार्थनगर | 813 |
| गोंडा | 586 |
| बलरामपुर | 56 |
| बहराइच | 6027 |
| श्रावस्ती | 66 |

# 240 शीशी नेपाली व 70 ली. कच्ची शराब बरामद

**जासं, श्रावस्ती** : आबकारी व पुलिस टीम ने भारी मात्रा में नेपाली व देशी शराब बरामद किया। लहन को मौके पर नष्ट कराया गया।

आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उमाशंकर चौधरी व बलराम सिंह की टीम ने श्रावस्ती क्षेत्र के ककरा गांव में दबिश दी। 70 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। 240 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। इसी प्रकार मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नेपाल ककरदरी घाट से बांसगढ़ी निवासी रामजी को एक सफेद बोरी में 240 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। छह आरोपितों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# शांतिभंग में छह पाबंद

**श्रावस्ती :** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से अराजकत्तवों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में शुक्रवार को छह लोगों को पाबंद किया गया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# 75 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर 75 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 37 हजार रुपये का शमन भी किया गया। (वि.)

# 17 शिकायतें आईं

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से तीन भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व 10 अन्य विवाद से संबंधित शिकायतें थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# पांच अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई

**संसू, भिनगा( श्रावस्ती)** : दुष्कर्म व चोरी समेत विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे पांच अपराधियों को डीएम नेहा प्रकाश ने जिला बदर घोषित किया है। आरोपितों को छह-छह माह के लिए जिले से बाहर रहना होगा। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी गजराज मिश्र ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के जानकीनगर निवासी राजू उर्फ परवीन पर चोरी समेत विभिन्न अपराधों से संबंधित चार मुकदमें दर्ज हैं। डीएम ने इन्हें छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया है। इसी प्रकार जानकीनगर के ही संतोष उर्फ आशुतोष, हरैया तराई निवासी अर्जुन श्रीवास्तव, पटना खरगौरा निवासी छोटेलाल उर्फ योगेंद्र प्रताप को छह-छह माह के लिए जिले की सीमा से निष्कासित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी के विरुद्ध उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# परेड में बनाए रखें अनुशासन: एसपी

**जासं, श्रावस्ती:** शुक्रवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। जनता से मधुर व्यवहार स्थापित रखने के निर्देश दिए।

एसपी ने यूपी- 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की जांच भी की। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान बावर्दी दुरुस्त रहकर कर्तव्य निष्ठा के साथ ड्यूटी करें। वाहनों में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने, यूपी- 112 वाहनों में टैबलेट व अन्य उपकरण के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

● पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली



पुलिस लाइन में भोजन की गुणवत्ता चेक करते एसपी अरविंद कुमार मौर्य (दाएं) ● जागरण

भोजनालय पहुंचकर भोजन बना रहे कर्मचारियों से कुशलक्षेम जाना। भोजन की गुणवत्ता को चेक किया। सभी को मानक के अनुसार पौष्टिक भोजन बनाने के लिए कहा।

आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ-सफाई व स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों को चेक कर सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में गार्द कमांडरों को आवश्यक निर्देश भी दिए। क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर का निरीक्षण किया। सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे मौजूद रहे।

********

# 'जागरूकता से ही सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश'



राहुल स्मारक इंटर कालेज असईपुरवा में आयोजित यातायात कार्यशाला में मिले जागरूकता पंफलेट को दिखाते बच्चे ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती** : यातायात माह के तहत शुक्रवार को असईपुरवा सेमरी चकपिहानी स्थित राहुल स्मारक इंटर कालेज में यातायात कार्यशाला का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं को सड़क हादसों पर अंकुश लगाने, यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने कहा कि जागरूकता से ही सड़क हादसों पर अंकुश लगाएगा जा सकता है।

यातायात प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क हादसों के प्रति लोगों को जागरूक कर हादसों में होने वाली मौत को रोकने के लिए नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। सड़क पर चलते समय संकेतकों का ध्यान रखें। बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं।

चारपाहिया वाहन चलाते हैं तो सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। यातायात प्रभारी ने बच्चों को यातायात नियम लिखे पंफ्लेट वितरित कर परिवार के सदस्यों व सगे संबंधियों को भी नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राज बहादुर यादव मौजूद रहे।

# छह आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अभियान चला कर छह लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 70 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस के साथ आबकारी टीम की ओर से ककरा गांव में छापा मारा गया। जहां से टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 70 लीटर कच्ची शराब व 240 किलोग्राम लहन बरामद हुई। मिली लहन को मौके पर नष्ट करने के साथ ही संबंधितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। जिसका एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने की नसीहत देते हुए रैतिक परेड की सलामी ली। इस दौरान एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। साथ ही व्याप्त कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय पहुंचकर वहां पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची। (संवाद)